
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25
www.dainikvishwapariwar.com
रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 49 ● वर्ष : 14 ● रायपुर, शुक्रवार 21 अगस्त 2026 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



आज लोकतंत्र को सम्हालने वालों को तैयार करने वालों की आवश्यकता है जो इस भारत के लोकतंत्र को सही दिशा प्रदान कर सकें।

Today we need such people who can prepare defenders of democracy who in turn can give right derection to Indian democracy.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## 'वीर भूमि' पहुंचकर पीएम मोदी ने राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि

■ पूर्व पीएम राजीव गांधी की जयंती पर सोनिया-राहुल समेत कई लोग पहुंचे





**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की आज 20 अगस्त को जयंती है जिसे सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है. इस मौके पर राजीव गांधी के समाधि स्थल 'वीरभूमि' में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे समेत पीएम मोदी ने भी श्रद्धांजलि दी है. 40 साल की उम्र में प्रधानमंत्री बनने वाले राजीव गांधी भारत के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री थे. राजीव गांधी 1984 से 1989 तक भारत के प्रधानमंत्री रहे. कांग्रेस नेताओं ने राजीव गांधी के युवा केंद्रित विचारों, शिक्षा, तकनीक और आधुनिकीकरण में योगदान को याद किया और उनकी विरासत का उल्लेख किया.

सोनिया गांधी, खरगे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने 'वीर भूमि' पहुंचकर राजीव गांधी की समाधि पर पुष्प अर्पित किए. पीएम मोदी ने अपने पोस्ट में लिखा है कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी को उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि. पूर्व पीएम का जन्म 20 अगस्त 1944 को हुआ था और उनका निधन 21 मई 1991 को हुआ. कांग्रेस प्रेसिडेंट मल्लिकार्जुन खरगे ने वीर भूमि पर राजीव गांधी को पुष्पांजलि अर्पित करके उनको याद किया.

## उत्कृष्ट शिक्षा और रोजगार के नए अवसरों से संवर रहा छत्तीसगढ़ के बच्चों का भविष्य: मुख्यमंत्री साय



■ मुख्यमंत्री श्री साय आईबीसी 24 'स्वर्ण शारदा स्कॉलरशिप 2026' कार्यक्रम में हुए शामिल

**रायपुर (विश्व परिवार)।** शिक्षा किसी भी समाज और राज्य के विकास का मूल आधार है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों को आगे बढ़ने का अवसर देती है और रोजगार उनके सपनों को साकार करने का मजबूत आधार बनता है। छत्तीसगढ़ सरकार उत्कृष्ट शिक्षा, आधुनिक तकनीक और रोजगार के नए अवसरों के माध्यम से प्रदेश के बच्चों और युवाओं का भविष्य संवारने के लिए प्रतिबद्ध है। गांवों से लेकर सुदूर वनांचलों तक बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ ही उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं और भविष्य की तकनीक के लिए तैयार किया जा रहा है।मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर के जोरा स्थित एक निजी होटल में आयोजित आईबीसी24 'स्वर्ण शारदा स्कॉलरशिप 2026' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने टॉपर बेटियों को सम्मानित कर उन्हें स्कॉलरशिप प्रदान की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इन बेटियों की उपलब्धि उनके परिवार और विद्यालय के साथ पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय है। कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर हमारी बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं।

कार्यक्रम में कक्षा बारहवीं की परीक्षा में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बेमेतरा की ओमनी वर्मा को मुख्यमंत्री श्री साय ने एक लाख रुपए का चेक और सम्मान पत्र प्रदान किया। उनके विद्यालय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम कन्या विद्यालय, बेमेतरा को भी एक लाख रुपए की राशि का चेक प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विशिष्टजनों का सम्मान किया तथा बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित पुस्तक 'मेधा' का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रतिभावान विद्यार्थियों से संवाद करते हुए अपने विद्यार्थी जीवन की स्मृतियां साझा कीं।

## कांग्रेस का पूरा वंदे मातरम न गाना देशविरोधी: शाह

■ कहा : उन्होंने 1937 में राष्ट्रगीत के दो टुकड़े कर मुस्लिम तुष्टीकरण किया और विभाजन की नींव डाली



**नई दिल्ली।** गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस का वंदे मातरम पूरा न गाने का फैसला हैरान करने वाला और देशविरोधी है। 1937 में कांग्रेस ने जो फैसला लिया था, उसे पीएम मोदी ने सुधारा है। उन्होंने कहा- कांग्रेस ने 1937 में राष्ट्रगीत के दो टुकड़े कर मुस्लिम तुष्टीकरण किया था। उस फैसले से दो-राष्ट्र सिद्धांत को मजबूती मिली और आगे चलकर देश का विभाजन हुआ। शाह के बयान पर कांग्रेस ने पलटवार किया। पार्टी के सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा- वंदे मातरम स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा था। यह हमारे लिए भावनात्मक मुद्दा है। क्ष्क्ष्क्ष स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा नहीं थी। उनके लिए यह राजनीतिक मुद्दा है। दरअसल, कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने बुधवार को ऐलान किया कि पार्टी अपने सभी कार्यक्रमों में वंदे मातरम के 6 में से सिर्फ शुरुआती दो पैरा गाएगी। यह फैसला 15 अगस्त को कांग्रेस मुख्यालय में वंदे मातरम के गायन को लेकर हुए विवाद के बाद आया।

अमित शाह ने कहा, कांग्रेस का सिर्फ दो पैरा वंदे मातरम गाने का फैसला तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति है। देश में अब तुष्टीकरण की राजनीति नहीं चलेगी। 1937 में कांग्रेस ने वंदे मातरम को दो हिस्सों में बांटने का फैसला किया था। आज कांग्रेस उसी पुराने फैसले को फिर लागू कर रही है।

## पर्यावरण संरक्षण की दिशा में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के निरंतर प्रयास



**बिलासपुर (विश्व परिवार)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र के विस्तार और जल संसाधनों के संरक्षण के लिए वर्षभर निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। रेलवे द्वारा पर्यावरण संरक्षण को केवल किसी विशेष दिवस तक सीमित न रखते हुए विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों के माध्यम से हरित एवं टिकाऊ रेल परिवेश विकसित करने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में रेलवे परिसरों, कॉलोनियों एवं उपलब्ध खाली स्थानों पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कर हरित क्षेत्र का विस्तार किया जा रहा है। पिछले तीन वर्षों में 6 लाख से अधिक पौधों का रोपण किया गया है। इन प्रयासों का सुंदर उदाहरण बिलासपुर का रेलवे क्षेत्र है, जहां रेलवे कॉलोनियों एवं विभिन्न रेल परिसरों में चारों ओर दिखाई देने वाली घनी हरियाली और वृक्षों की कतारें इस क्षेत्र को एक प्राकृतिक 'ऑक्सीजोन' जैसा स्वरूप प्रदान करती हैं। यह हरियाली रेलवे परिसर की सुंदरता बढ़ाने के साथ-साथ स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुखद वातावरण के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

## दिल्ली मास्टर प्लान 2047 जारी




**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इसे आज (20 अगस्त 2026 को) जारी किया। उन्होंने इसे दिल्ली के ऐतिहासिक दिन बताया । खट्टर ने इस दौरान कहा कि 'मास्टर प्लान दिल्ली 2047' का लक्ष्य दिल्ली को वर्ल्ड लेवल का शहर बनाना है।

20 वर्षों में दिल्ली में 40 लाख नए फ्लैट बनाने से लेकर जनता की सुविधा के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर बनाने तक का ऐलान किया। बताया जा रहा है अनुमान के मुताबिक साल 2047 तक राजधानी की आबादी 3.2 करोड़ तक हो जाएगी। इन नए 40 लाख फ्लैट के जरिए उनकी जरूरतें पूरी हो पाएंगी। आइए जानते हैं कि दिल्ली मास्टर प्लान 2047 में राजधानी की जनता को क्या-क्या मिलने वाला है।

दिल्ली मास्टर प्लान 2047 में 40 लाख नए फ्लैट बनाए जाएंगे। पब्लिक ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर बनेगा। पुराने फ्लैट्स को रीडवलप किया जएगा । प्रक्रियाओं को आसान बनाया जाएगा। ऊंचाई की बाध्यता खत्म (कुछ जगहों को छोड़कर) क्लाउड किचन को लेकर भी ऐलान किया गया। सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने के साथ ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टीओडी) को भी बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। इसके अलावा 30 मीटर से अधिक चौड़ी सड़कों वाले क्षेत्रों को लैंड पूलिंग का हिस्सा बनाया जा सकेगा, जिससे नियोजित विकास को गति मिलेगी।

## जंतर-मंतर पर पुलिस एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट ने जांच कमेटी बनाई

■ इसमें रिटायर्ड जज, सीबीआई-पुलिस के पूर्व अफसर, पैलेटगन चलाने और महिलाओं से बदसलूकी के आरोप



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को संसद मार्च के दौरान पुलिस की कार्रवाई के आरोपों की जांच के लिए 5 सदस्यों की हाई पावर्ड कमेटी के नामों का ऐलान किया। कमेटी का अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस आर सुभाष रेड्डी को बनाया गया है। इसमें पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के पूर्व चीफजस्टिस रवि शंकर झा, दिल्ली हाईकोर्ट की पूर्व जज जस्टिस शलिंदर कौर, सीबीआई के पूर्व डायरेक्टर ऋषि कुमार शुक्ला और मेघालय के रिटायर्ड डीजीपी डॉ. एलआर बिश्नोई शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 18 अगस्त को सुनवाई के दौरान इस कमेटी को बनाने का फैसला लिया था। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पैलेटगन इस्तेमाल करने और महिलाओं से बदसलूकी के आरोप लगाए थे। नीट पेपर लीक और परीक्षाओं में गड़बड़ी को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन जंतर-मंतर पर 36 दिन चला था। 25 जुलाई को शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद खत्म हुआ था।

सुप्रीम कोर्ट में 18 अगस्त को सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने कहा था कि 20 जुलाई का संसद मार्च गैरकानूनी था। इसकी परमिशन नहीं थी। जंतर-मंतर पर प्रदर्शन में कई हिस्ट्रीशीटर भी आ गए थे। पुलिस ने बताया कि संसद मार्च में प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड तोड़े और पुलिस से मारपीट की, जिससे प्रदर्शन शांतिपूर्ण नहीं रहा। हालात संभालने के लिए बल प्रयोग किया गया था,लेकिन प्रदर्शनकारियों पर जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग नहीं किया गया। डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस सचिन शर्मा ने हलफनामा दाखिल कर ये जानकारी दी। इसे पुलिस ज्यादती की कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग वाली याचिकाओं के जवाब के तौर पर पेश किया गया है।

## हाईकोर्ट से हेमंत सोरेन सरकार को झटका

■ जेपीएस की परीक्षा रद्द करने के फैसले पर रोक, सफल अभ्यर्थियों को बड़ी राहत




**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट से राज्य सरकार को बड़ा झटका लगा है। जेपीएससी की भर्ती परीक्षाओं के जरिए की गई नियुक्तियों को रद्द करने के सरकार के फैसले पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। गुरुवार को मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति दीपक रोशन की अदालत ने जेपीएससी की 11वीं से 13वीं संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा और फूड सेफ्टी ऑफिसर परीक्षा से संबंधित नियुक्तियां रद्द करने के सरकार के आदेश पर अगले आदेश तक रोक लगा दी। अदालत ने राज्य सरकार और झारखंड लोक सेवा आयोग से जवाब भी मांगा है।

इस मामले में सफल और चयनित अभ्यर्थियों की ओर से दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई हुई। प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, अधिवक्ता अमृतांश वत्स और अधिवक्ता पीएएस पति ने अदालत के समक्ष पक्ष रखा। दो अलग-अलग याचिकाओं में दीपमाला एवं अन्य तथा सोनम कुमारी ने जेपीएससी की 11वीं से 13वीं संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा के विज्ञापन संख्या 01/2024 को रद्द करने के सरकार के फैसले को चुनौती दी है। वहीं, सौरव सिंह एवं अन्य की ओर से फूड सेफ्टी ऑफिसर की नियुक्ति रद्द किए जाने के खिलाफ याचिका दाखिल की गई है। इन परीक्षाओं में सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति हो चुकी थी और कई अभ्यर्थी सेवा में योगदान देने के साथ प्रशिक्षण भी पूरा कर चुके हैं। सोनम कुमारी ने अपनी याचिका में कहा है कि उन्होंने झारखंड में नियुक्ति के लिए दूसरी जगह की नौकरी छोड़ी थी। उन्हें 24 नवंबर 2025 को नियुक्ति पत्र मिला था और उन्होंने प्रशिक्षण भी पूरा किया। इसके बाद 18 अगस्त को राज्य सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के माध्यम से परीक्षा और नियुक्ति रद्द कर दी गई। याचिका में सरकार के इस आदेश को निरस्त करने का आग्रह किया गया है।

## भारतीय हॉकी टीम ने पाक को हराया, गृह मंत्री ने टीम को दी बधाई



**नई दिल्ली।** एफआईएच मेंस हॉकी वर्ल्ड कप 2026 के अपने आखिरी लीग मैच में भारत ने पाकिस्तान को 5-3 से मात देकर अगले दौर में प्रवेश कर लिया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इस शानदार जीत पर खुशी जताते हुए कहा है कि टीम ने दशकों से चले आ रहे भारत के दबदबे को बनाए रखा। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने अगले राउंड में अपनी जगह बना ली है। वहीं, हार के साथ पाकिस्तान का विश्व कप में सफर समाप्त हो गया है। पिछले दशक में भारत का अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर दबदबा रहा है और 2016 से सीनियर और जूनियर स्तर पर खेले गए सभी मुकाबलों में भारत ने उन्हें हराया है। भारत की शानदार जीत पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने टीम को बधाई देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, आज हॉकी वर्ल्ड कप 2026 के मैच में पाकिस्तान को हराने पर टीम इंडिया को बधाई। खेल पर शानदार पकड़ और बेहतरीन खेल कौशल के साथ, आपने दशकों से चले आ रहे भारत के दबदबे को बनाए रखा है।



# रायपुर निगम के राजस्व विभाग द्वारा लगातार बकाया राजस्व वसूली अभियान



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम रायपुर के राजस्व विभाग द्वारा आयुक्त श्री संबित मिश्रा के आदेशानुसार उपायुक्त राजस्व डॉ. अंजलि शर्मा एवं सभी जोन कमिश्नरों के मार्गदर्शन में जोन सहायक राजस्व अधिकारियों सहित राजस्व कर्मचारियों की उपस्थिति में सभी 10 जोनो में निगम हित में प्रतिदिन बकाया राजस्व वसूली अभियान निरंतर तेज गति से प्रगति पर है।

इसके अंतर्गत आज नगर निगम जोन 2 क्षेत्र वार्ड 27 में 2007-08 से 150863 रूपए के बकायेदार अंजलि कुमार सोमानी केसरदेव सोमानी की संपत्ति को बकाया अदा ना करने पर तत्काल जोन 2 राजस्व विभाग द्वारा सीलबंद कर दिया गया। वार्ड 27 में वर्ष 2021-22 से 13694 रूपए के बकायेदार मनीष कक्कड विनोद कक्कड की संपत्ति को एवं वार्ड 27 में वर्ष 2022-23 से 10609 रूपए के बकायेदार विनोद कक्कड रामचरण कक्कड की संबंधित संपत्ति को स्थल पर तत्काल सीलबंद करने की कार्रवाई जोन 2 राजस्व विभाग द्वारा की गई।

जोन 7 राजस्व विभाग द्वारा आज स्वामी आत्मानंद वार्ड क्रमांक 68 में नेशनल कार्पोरेट पार्क स्थित सनसाइन इन्फ्रा बिल्ड कार्पोरेशन के ऑफिस द्वारा वर्ष 2015-16 से 304065 रूपए के बकाये को नगर निगम को अदा ना करने पर संबंधित संपत्ति को स्थल पर तत्काल सीलबंद करने की कार्रवाई की गई।

जोन 8 राजस्व विभाग द्वारा डिमांड बिल डिमांड नोटिस अंतिम नोटिस के बाद भी विगत अनेक वर्षो से रायपुर नगर निगम जोन 8 को संपत्तिकर अदा नहीं करने पर जोन अंतर्गत वीर सावरकर नगर वार्ड कमांक 1 में प्रीतम सिंग जीत सिंग की 2 संपत्तियों 647964 रूपए एवं 71143 रू. के बकाये को अदा ना करने पर संबंधित संपत्तियां ताला लगाकर तत्काल सीलबंद कर दी गई। वहीं पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड कमांक 2 अंतर्गत प्रेमशील स्टील प्रोपराईटर संजय कुमार लुनिया द्वारा स्थल पर राजस्व वसूली अभियान कार्रवाई के पश्चात संबंधित व्यवसायिक परिसर संपत्ति के पुनर्मूल्यांकन की कार्रवाई के उपरांत व्यवसायिक परिसर में नियमानुसार बढाई गई 264789 रूपए की देयकर राशि स्थल पर ही तत्काल नगर निगम जोन 8 राजस्व विभाग की टीम को भुगतान कर दिया गया।

जोन 9 राजस्व विभाग द्वारा डिमांड बिल डिमांड नोटिस अंतिम नोटिस जारी करने के बाद भी नगर निगम जोन 9 राजस्व विभाग को देय संपत्तिकर का भुगतान ना करने पर संबंधित 2 बडे बकायेदारो वार्ड कमांक 10 क्षेत्र में 2010-11 से 1087399 रूपए के बकायेदार विजय पाण्डेय द्वारा बकाया राशि अदा ना करने पर उनकी संबंधित संपत्ति को तत्काल सीलबंद कर दिया गया। वहीं वर्ष 2021-22 से 90492 रूपए के बकायेदार मधुसूदन गौतम की संबंधित संपत्ति को नगर निगम जोन 9 को बकाया राशि अदा ना करने पर स्थल पर तत्काल सीलबंद कर दिया गया। जोन 6 राजस्व विभाग द्वारा नगर निगम जोन 6 को बकाया राशि अदा ना करने वाले संबंधित जोन 6 अंतर्गत वार्ड 63 अंतर्गत व्यवसायिक संपत्ति दुकानो को अभियानपूर्वक तत्काल सीलबंद करने की कार्रवाई की गई।

# निगम कर्मचारियों द्वारा अवैध नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री संबित मिश्रा के निर्देश पर नगर निगम राजस्व विभाग द्वारा सभी दस जोन क्षेत्रों में रायपुर नगर निगम के हित में बकाया राजस्व वसूली अभियान प्रतिदिन नियमित तेज गति से सभी जोन कमिश्नरों एवं उपायुक्त राजस्व डॉ अंजलि शर्मा के मार्गनिर्देशन में सभी सहायक राजस्व अधिकारियों के नेतृत्व में चलाया जा रहा है. सघन बकाया राजस्व वसूली अभियान के अंतर्गत आज नगर निगम जोन 2 राजस्व विभाग द्वारा इंदिरा गाँधी वार्ड क्रमांक 27 अंतर्गत धीरज चौहान एवं राजेश चौहान के घरों में अवैध नल कनेक्शन को काटने की कार्रवाई नगर निगम जोन 2 जल विभाग की टीम के साथ मिलकर अभियानपूर्वक की गयी. जोन 2 की टीम द्वारा वार्ड 35 क्षेत्र में देवी सिंह, पीला सिंह के घरों में अवैध नल कनेक्शन को काटने की कार्रवाई जोन 2 जोन कमिश्नर श्री संतोष पाण्डेय के निर्देश पर जोन सहायक राजस्व अधिकारी श्री विजय शर्मा एवं अन्य सम्बंधित जोन 2 राजस्व विभाग कर्मचारियों की उपस्थिति में की गयी.

वहीं नगर निगम जोन 3 राजस्व विभाग की टीम द्वारा जोन क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 12 क्षेत्र में शंकर नगर क्षेत्र में बकायादार द्वारा नगर निगम को बकाया राशि का भुगतान नहीं किये जाने पर सम्बंधित बकायादार के घर का नल कनेक्शन जोन 3 जल विभाग की टीम के साथ मिलकर जोन क्रमांक 3 राजस्व विभाग की टीम द्वारा तत्काल विच्छेद कर दिया गया.

नगर निगम जोन 3 राजस्व विभाग को जोन क्षेत्र अंतर्गत बकायादार विवेक कुमार गुप्ता पर बकाया अदा नहीं करने पर कार्रवाई की गयी. कार्रवाई के दौरान सम्बंधित बकायादार ने सम्पूर्ण बकाया राशि,1 लाख 10 हजार रूपये नगर निगम रायपुर को अदा करने के लिए सोमवार दिनांक 24 अगस्त 2026 तक का समय देने का लिखित अनुरोध किया है, उन्हें सोमवार 24 अगस्त तक सम्पूर्ण बकाया राशि अदा करने समय नगर निगम जोन 3 राजस्व विभाग की ओर से जोन 3 जोन कमिश्नर श्रीमती प्रीति सिंह के निर्देश पर जोन सहायक राजस्व अधिकारी श्री मंकुराम धीवर द्वारा स्थल पर दे दिया गया है.

## नगरीय प्रशासन विभाग के नए प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने ली मैराथन बैठक

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के नए प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने कार्यभार ग्रहण करने के अगले ही दिन आज मंत्रालय में विभागीय अधिकारियों की मैराथन बैठक लेकर योजनाओं के क्रियान्वयन और विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), अमृत मिशन, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), नालंदा परिसर, अधोसरंचना एवं अन्यो विभागीय योजनाओं के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों में लक्ष्यों के अनुरूप प्रगति, मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन तथा आगामी कार्ययोजना पर अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने बैठक में अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ नागरिकों तक समय पर पहुंचाना विभाग की प्राथमिकता है। इसके लिए योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग, मैदानी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन और निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करना जरूरी है।

## कांग्रेस नेता रामगोपाल अग्रवाल के धमतरी ठिकानों पर दबिश

**धमतरी।** 3000 करोड़ रुपए के शराब घोटाले में आरोपी कांग्रेस नेता रामगोपाल अग्रवाल एक बार फिर चर्चा में हैं. अबकी बार उनके धमतरी स्थित ठिकानों पर आठ सदस्यीय प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने दबिश दी है. उनके घर के बाहर जहां बल तैनात है, वहीं अंदर टीम के सदस्य दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं. बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय ने बीते मंगलवार को रायपुर केंद्रीय जेल से कांग्रेस नेता रामगोपाल अग्रवाल को गिरफ्तार किया था।

## भाजपा की तालिबानी मानसिकता ही युवाओं को दिमागी नक्सली बता रही : कांग्रेस



**रायपुर।** कांग्रेस ने भाजपा सांसद संतोष पांडे और मंत्री केदार कश्यप द्वारा कांग्रेस को नक्सली समर्थक बताए जाने का कड़ा विरोध किया है ।कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री लालकिला से देश के युवाओं को अप्रत्यक्ष तौर पर दिमागी नक्सली बताते है उसका विरोध होने पर भारतीय जनता पार्टी के नेता विपक्ष सहित समूचे देश के बुद्धिजीवियों को नक्सली समर्थक बताने लगे हैं। भाजपा का यह चरित्र बताता है कि भाजपा तालिबानी मानसिकता से ग्रसित है जो अपना विरोध कदापि भी बर्दास्त नहीं कर पा रहीं।प्रधानमंत्री और भाजपा देश के लोकतान्त्रिक चरित्र असहमति को हजम नहीं कर पा रहे है ।जब तक लोग उनकी नीतियों से सहमत हो कर उनके पक्ष वोट डालते रहे सब ठीक था जैसे लोग उनके खिलाफ में खड़े है, उनकी विफलता पर आवाज उठा रहे तो

## कार्यालय नगर पालिक निगम, जोन क्रमांक -07, रायपुर

### निविदा आमंत्रण सूचना
### प्रथम निविदा

**क्रमांक 109/जोन क्र.-07/न.पा.नि./2026** **रायपुर, दिनांक 19.08. 2026**

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु छ.ग. शासन लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीकृत ठेकेदारों से कम/अधिक प्रतिशत दर में PWD में प्रभावशील ( भवन/सड़क) (SOR 01-01-2015) **PHE** , में प्रभावशील (SOR 01-06-2020) **Electrical & Machanical** में प्रभावशील (SOR 01-06-2020) & PWD SOR 10-06-2026 Building SOR एवं आज दिनांक तक संशोधित दर अनुसार निर्धारित प्रपत्र में पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से तीन लिफाफा पद्धति से नियमानुसार सीलबंद निविदाएं जोन आयुक्त, जोन क्रमांक 07, नगर पालिक निगम, रायपुर के पते पर आमंत्रित की जाती है। कार्य की अमानत राशि का एफ.डी.आर., आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से मान्य होगा एवं **मूल एफ.डी.आर. एवं शपथ पत्र** के साथ एक छायाप्रति भी संलग्न करें। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

01. निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि- दिनांक 03.09.2026 संध्या 5:30 बजे तक।
02. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि- दिनांक 09.09.2026 संध्या 5:00 बजे तक।
03. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि- दिनांक 09.09.2026 संध्या 5:30 बजे के बाद।

**कार्य का विवरण निम्नानुसार है:-**

| क्र. | कार्य विवरण | निविदा फार्म | आगणित राशि | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शहीद चुड़ामणी नायक वार्ड क्रमांक 37 अंतर्गत संकल्प वाटिका उद्यान में पेवर, रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं अन्य मरम्मत कार्य । | A/ B/ C | 204000 | 2500 | 750 | लो.नि.वि. में एकल पद्धति से "डी" श्रेणी या उससे उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म | 60 दिवस |
| 2. | शहीद चुड़ामणी नायक वार्ड क्रमांक 37 अंतर्गत शिव वाटिका गार्डन के पास सी. सी. नाली निर्माण कार्य । | A/ B/ C | 297000 | 3000 | 750 | | 60 दिवस |

**नियम एवं शर्ते :- ( भाग 1 )**

01. निविदा संबंधित समस्त दस्तावेज तीन लिफाफा पद्धति पर आमंत्रित होकर तद्अनुसार ही प्रस्तुत की जानी होगी। **प्रथम लिफाफा** में राष्ट्रीयकृत बैंक की ई.एम.डी/एफ.डी.आर./शपथ पत्र/एवं समस्त दस्तावेज, **दूसरे लिफाफे** में सिर्फ निविदा प्रपत्र सील बंद कर **दोनों लिफाफों को तीसरे लिफाफे में** सील बंद कर निविदा रजिस्टर्ण्ड/स्पीड पोस्ट द्वारा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करना होगा। 02. निविदा संबंधी समस्त अधिकार आयुक्त नगर पालिक निगम को होगा। विस्तृत जानकारी जोन कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 03. जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है। 04 GST 05.GST RI.last 3month 6. ITR last 3 years 7. Bank Solvency Certificate 08. Pan card संबंधी दस्तावेज भी प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**नियम एवं शर्ते :- ( भाग 2 )**

1. नये पंजीकृत ठेकेदार/फर्म हेतु GST Reg. तिथि के अनुसार GST Return last Month का देना होगा।
2. नये पंजीकृत ठेकेदार/फर्म पंजीयन तिथि के अनुसार I.T.R. एकसाल का मान्य होगा।
3. निविदा फार्म कार्यालय से उपलब्ध होगी। शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी।

**घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें**

**जोन कमिश्नर**
**जोन क्रमांक-07**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

## कार्यालय नगर पंचायत माना कैम्प, रायपुर (छ.ग.)

EMAIL - namchayatmanacamp@gmail.com

क्र.506/ न.प. / लो.नि.वि. / 2026-27 माना कैम्प, दिनांक 20/8/26

**मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना ( प्रथम )**

नगर पंचायत माना कैम्प द्वास एकीकत जीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु पी.डब्ल्यू.डी. भवन एस.ओ.आर. 10.06.2026 एवं सडक 15.06.2026 तथा इलेक्ट्रिकल एस.ओ.आर. 10.06.2026 दर पर मैन्युअल निविदा त्री-लिफाफा पद्धति के माध्यम से निविदा प्रपत्र "अ" में मोहरबंद लिफाफा स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डॉक के माध्यम से आमंत्रित की जाती है :-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु.लाख में) | बेवसाईड से निविदा प्रपत्र डाउनलोड करके जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| नगर पंचायत माना कैम्प क्षेत्रांतर्गत 15वे वित्त आयोग मद अंतर्गत विभिन्न वार्डो में विकास कार्य (कुल 12 कार्य) | 61.54 कुल लागत राशि | 15.09.2026 शाम 5:00 बजे तक |

टीप:- उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में नगर पंचायत माना कैम्प के लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है, साथ ही निविदा प्रपत्र वेव पोर्टल: www.uad.cg.gov.in से भी प्राप्त / डाउनलोड कर नियत तिथि में भेजी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत माना कैम्प**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)

**मोहबा बाजार, रायपुर**
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

**पत्र क्र. /34624/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026**
**रायपुर, दिनांक 20-08-2026**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 34624**
**वार्ड का नाम- 20 - रामकृष्ण परमहंस वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 20 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802C0197A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SMT MAMTA AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SANTOSH KUMAR AGRAWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SHALINI SHAW** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ANIL KUMAR SHAW** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 8 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)

**शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर**
Email ID - rmczone2@gmail.com

**पत्र क्रं./34196/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026**
**रायपुर दिनांक : 11-08-2026**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 34196**
**वार्ड का नाम-35- हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **35** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR235J00234** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **DR. G.V. SUBBARAO** पिता/पति, श्री/श्रीमती **...** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री VENKAT SHRINIVAS RAO** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KESHO GOVIND CHITNIS** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत वसीयतनामा** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)

**पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर**
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

**पत्र क्र. /34468/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026**
**रायपुर, दिनांक 18-08-2026**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 34468**
**वार्ड का नाम-8 - महात्मा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **8** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR226Z00653** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KAHKASHA SHAKIL AHMED** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MOHAMMAD SHAKIL AHMED** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. हुसैन उल्ला खान 2. निकहत जबीन** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. बरकत उल्ला खान 2. हुसैन कुरैशी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)

**संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर**
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

**पत्र क्र./34522/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2026**
**रायपुर, दिनांक 20-08-2026**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 34522**
**वार्ड का नाम- 4 यतीयतनलाल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **4** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR104A00130** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **LIHINDAS** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KESHRAO** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **NIRMALA GADPAYLE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O LATE. LIHINDAS GADPAYLE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **01.SHAPATH PATRA 02.DEATH CERTIFICATE 03. SAHMATI PATRA 04. TAX RASID KE AADHAR PAR** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अंशुल शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)

**संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर**
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

**पत्र क्र./34527/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2026**
**रायपुर, दिनांक 20-08-2026**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 34527**
**वार्ड का नाम-3 संत कबीर दास वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **3** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR803F00132** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **BISAMBHAR MEHTA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. BHAIYYA RAM MEHTA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **HARILAL MEHATA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O BISAMBHAR MEHATA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **SAPATH PATRA, SAHMATI PATRA, DEATH CERTIFICATE** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अंशुल शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)

**संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर**
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

**पत्र क्र./34594/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2026**
**रायपुर, दिनांक 20-08-2026**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 34594**
**वार्ड का नाम- 4 यतीयतनलाल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **4** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR104D00092** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KUNTI MAHANAND** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PUSHPARAJ MAHANAND** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RADHIKA KOSHE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O SURAJ KOSHE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अंशुल शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)

**संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर**
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

**पत्र क्र./34524/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2026**
**रायपुर, दिनांक 20-08-2026**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. . 34524**
**वार्ड का नाम- 17 ठक्कर बापा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **17** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107C00047** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **LILADHAR CHAWDA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **AMARJI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **HEMRAM VERMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O PURUSHOTTAM VERMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अंशुल शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)

**संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर**
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

**पत्र क्र./34525/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2026**
**रायपुर, दिनांक 20-08-2026**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 34525**
**वार्ड का नाम- 17 ठक्कर बापा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **17** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR108A0837A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SUSHILA DEVI AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JAY BHAGWAN AGRAWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. ASHA DEVI 2. SONI KESHWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O 1. BABULAL KESHWANI S/O 2. BABULAL KESHWANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अंशुल शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)

**आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर**
Email ID - rmczone6@gmail.com

**पत्र क्रं./34618/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2026**
**रायपुर दिनांक : 20-08-2026**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 34618**
**वार्ड का नाम-61 श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **61** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR663S0225F** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **LAXMI SAHU W/O RAKESH ROSHAN SAHU, POA RAKESH ROSHAN SAHU S/O L.R. SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O L.R. SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SHRADDHA CHANDRAKAR** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O VIKAS CHANDRAKAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)

**आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर**
Email ID - rmczone6@gmail.com

**पत्र क्रं./34655/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2026**
**रायपुर दिनांक : 20-08-2026**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 34655**
**वार्ड का नाम-61 श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **61** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR663Q01110** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **KISHOR KUMAR AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE RAMESHWAR LAL AGRAWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. SHIV GOVIND TIWARI S/O KRIPARAM TIWARI 2 ANKITA TIWARI D/O SHIV GOVIND TIWARI** पिता/पति श्री/श्रीमती **D/O SHIV GOVIND TIWARI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)

**शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर**
Email ID - rmczone2@gmail.com

**पत्र क्रं./34632/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026**
**रायपुर दिनांक : 20-08-2026**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 34632**
**वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **27** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR737F00028** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **PARESH KUMAR TALREJA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. PARASRAM TALAREJA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री मोहित तलरेजा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **श्री किशन तलरेजा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)

**शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर**
Email ID - rmczone2@gmail.com

**पत्र क्रं./34630/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026**
**रायपुर दिनांक : 20-08-2026**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 34630**
**वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **27** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR737F00072** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MANISH AGRWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. VYASH NARAYAN AGRWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री शरद कुमार अग्रवाल** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. श्री नरनारायण अग्रवाल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

# बरसते पानी में दौड़े 300 से अधिक युवा

## राजीव गांधी जयंती पर रन फॉर राजीव मैराथन का हुआ आयोजन।

**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)**-भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी सूरजपुर द्वारा गुरुवार को रन फॉर राजीव मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। एकता, भाईचारे, स्वस्थ जीवनशैली और युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने के संदेश के साथ आयोजित इस मैराथन में 300 से अधिक धावकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

मैराथन का शुभारंभ अग्रसेन चौक से हुआ, जहां से धावक कलेक्ट्रेट गेट से होते हुए पुनः अग्रसेन चौक पहुंचे। खास बात यह रही कि आयोजन के दौरान बारिश होने के बावजूद युवाओं का उत्साह कम नहीं हुआ। बरसते पानी में युवा और युवतियां पूरे जोश के साथ दौड़ते नजर आए। देशभक्ति और उत्साह से भरे माहौल में प्रतिभागियों ने मैराथन को सफल बनाया।





मैराथन में जिला कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी शामिल हुए और प्रतिभागियों के साथ कदम से कदम मिलाकर दौड़े। बड़ी संख्या में युवाओं और महिलाओं की सहभागिता ने आयोजन को विशेष बना दिया।

आयोजकों ने बताया कि रन फॉर राजीव का उद्देश्य युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ स्वर्गीय राजीव गांधी के विचारों और उनके आधुनिक एवं सशक्त भारत के सपने को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। मैराथन में विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

मैराथन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों के लिए आकर्षक पुरस्कार भी रखे गए थे। प्रथम पुरस्कार 10,000 रतनपुर बिलासपुर के मनीष कुमार को, द्वितीय 5,000 नीरज कुमार अगस्तपुर, तृतीय 3,000 असलेश राजवाड़े अगस्तपुर को तथा चतुर्थ 1,111 हिम्मत लाल भटगांव को प्रदान किया गया। वही

महिला धाविका में फ़्लेश्वरी राजवाड़े नमदगिरी व प्रज्ञा राजवाड़े चन्द्रिकापुर को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। मैराथन में सूरजपुर जिले के साथ कोरिया, बलरामपुर, सरगुजा, जशपुर, बिलासपुर, कोरबा व पेंड्रा जिले से धावक पहुँचे थे।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष शशि सिंह सहित कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे। बारिश के बीच भी प्रतिभागियों के उत्साह और अनुशासन ने आयोजन को यादगार बना दिया। वही एक कदम स्वास्थ्य की ओर, एक कदम बेहतर भारत की ओर के संदेश के साथ संपन्न हुई। मैराथन ने सूरजपुर में राजीव गांधी जयंती को युवा ऊर्जा और सामाजिक एकजुटता के साथ मनाने का संदेश दिया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुभाष गोयल, पूर्व नपा अध्यक्ष के के अग्रवाल, आदिवासी नेता विद्या सागर सिंह, संगठन महामंत्री संजय डोसी, इस्माईल खान, जी एस मिश्रा, सुनील अग्रवाल, नरेंद्र जैन, सुनील सारथी, वेद प्रकाश मिश्रा, महेंद्र साहू, अरविंद यादव, केबी सिंह, अंशुल गोयल, विनय मिश्रा, अविनाश साहू, बबीता गुप्ता, बिहारी कुलदीप, विक्की समददार, तपन सिकदार, रोहित कनोजे, दिनेश राजवाड़े, सुंदर देवांगन, लिवनेश सिंह, शक्ति ठाकुर, अरविना बेगम, खुशी अंसारी, शान्तु डोसी, परमेश्वर राजवाड़े, विफ्ल देवांगन, शिवम सोनवानी, जितेंद्र कुर्रे, शंकर राय, राजू राजवाड़े, अमित पैकरा, यशवंत सिंह, निलेश सिंह, देवनाथ सिंह, विवेकानंद, सलीम चिश्ती, आशीष सिंह, मिक्का, इकबाल अंसारी सहित जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष नरेश कुशवाहा और उनकी एथलेटिक संघ की टीम आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय रही।

# बी डी एस पब्लिक स्कूल महगांवा में 80वाँ स्वतंत्रता समारोह में झूमे बच्चे

गोपाल सिंह विद्रोही

**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)**- देश के 80वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह में बी डी एस पब्लिक स्कूल महगांवा में हर्षोल्लास के साथ बच्चो ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

समारोह के मुख्य अतिथि ग्याभीनाथ साहू सभापति, सूरजपुर तथा विशिष्ट अतिथियों राजपाल कसेरा, पत्रकार राजेंद्र पासवान एवं पारस राजवाड़े, पार्षद, सूरजपुर की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत नृत्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थितजनों का मन मोह लिया।





कार्यक्रम के दौरान विभिन्न गतिविधियों एवं उत्कृष्ट प्रस्तुतियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किए गए। अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें देशप्रेम, अनुशासन एवं अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

समारोह का आयोजन अत्यंत उत्साह, उमंग एवं देशभक्ति के वातावरण मेंसफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हार्दिक आभार संस्था प्रमुख ने व्यक्त किया।

# सुभद्रा महिला मंडल के द्वारा मनाया गया सावन उत्सव



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- उल्लेखनीय है कि बिश्रामपुर के श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में महिला मंडल सुभद्रा ग्रुप के द्वारा मंदिर प्रांगण में धूमधाम से सावन उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें समाज सहित अन्य महिलाएं शामिल हुई जहां सावन उत्सव के अवसर पर पारंपरिक हरे रंग की साड़ी पहन कर महिलाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी, साथ ही गायन एवं नृत्य की प्रस्तुति भी दिया गया। वहीं सावन उत्सव के अवसर पर ओडिसी नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई। इस अवसर पर सुभद्रा महिला मंडल के द्वारा सभी महिलाओं को सावन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुभद्रा महिला अध्यक्ष दीप्ति स्वाई, कोषाध्यक्ष गीता स्वाई, मंजू स्वाइ, लक्ष्मी प्रधान, प्रियंका देहरी, नीलाद्री साहू, लक्ष्मी नायक, सुज्ञानी साहू, संगीता पंडा, आरती, सरिता,मीरा,प्रभासिनी नायक, रीता त्रिपाठी, ममता, लक्ष्मी नायक,अमूल्य, स्नेहलता, गीता,मालती कश्यप,सीता देवी, सविता,सुषमा, रीता आदि का सफल योगदान रहा।

# बीपीसीएल ने छत्तीसगढ में भारतगैस लाइट ज़िप की शुरुआत की

**रायपुर।** फॉर्च्यून ग्लोबल 500 कंपनी और महारत्न पीएसयू भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) रायपुर शहरों में भारतगैस लाइट ज़िप नामक प्रीमियम और ग्राहक सुविधा को प्राथमिकता देने वाली एलपीजी सेवा शुरू कर रही है।

छत्तीसगढ के रायपुर में यह सेवा उपलब्ध है। इस विस्तार के तहत बीपीसीएल का हल्के वजन वाला भारतगैस लाइट कंपोजिट सिलेंडर, इंस्टेंट न्यू कनेक्शन और एक्सप्रेस डिलीवरी शामिल हैं। आज के एलपीजी उपभोक्ताओं की बदलती जीवनशैली और अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए इस एकीकृत सुविधा को विकसित किया गया है। छत्तीसगढ बीपीसीएल के भारतगैस लाइट ज़िप के देशभर के 100 शहरों में किए गए ऐतिहासिक विस्तार का एक हिस्सा है। 18 जुलाई 2026 को मुंबई में इस प्रीमियम सुविधा के शुभारंभ के बाद, अब इसकी उपलब्धता का बड़े पैमाने पर विस्तार किया गया है।

**छत्तीसगढ के लिए एलपीजी का नया अनुभव**- छत्तीसगढ के रायपुर जैसे शहरों का विस्तार हो रहा है और जीवनशैली में बदलाव आ रहा है। ऐसे में सुविधा, गति और आसान उपलब्धता रोजमर्रा के उपभोक्ताओं की पसंद को तेजी से प्रभावित कर रही हैं। भारतगैस लाइट ज़िप को इसी बदलती जरूरत को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है, ताकि पारंपरिक एलपीजी अनुभव के विभिन्न चरणों को अधिक सुविधाजनक बनाया जा सके। भारतगैस लाइट कंपोजिट सिलेंडर हल्के वजन वाला, जंगरोधी और पारदर्शी है, जिससे उपभोक्ता सिलेंडर में मौजूद एलपीजी का स्तर आसानी से देख सकते हैं। इसकी आधुनिक डिजाइन, बेहतर सुरक्षा और आसान हैंडलिंग इसे आधुनिक परिवारों के लिए विशेष रूप से उपयोगी बनाती है।

इसके साथ ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई दो महत्वपूर्ण सेवाएं भी शामिल हैं:

इंस्टेंट न्यू कनेक्शन के माध्यम से नया भारतगैस एलपीजी कनेक्शन लेने की प्रक्रिया अधिक सरल, तेज और आसान हो जाती है, जिससे ग्राहकों के लिए नया कनेक्शन प्राप्त करने का अनुभव अधिक सुविधाजनक बनता है। एक्सप्रेस डिलीवरी सेवा सिलेंडर की तेज डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए तैयार की गई है। दैनिक सेवाओं में गति और विश्वसनीयता की बढ़ती अपेक्षाओं वाले ग्राहकों के लिए यह अधिक सुविधा प्रदान करती है। इन सभी सुविधाओं के संयुक्त रूप से छत्तीसगढ में कामकाजी पेशेवरों, छात्रों, युवा परिवारों, वरिष्ठ नागरिकों और प्रवासी आबादी के लिए उनकी जरूरतों के अनुरूप एक अलग और अधिक सुविधाजनक एलपीजी अनुभव उपलब्ध कराया जा रहा है।

# हत्या के मामले में न्यायालय ने आरोपी को दी आजीवन कारावास की सजा

**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)**-थाना रमकोला क्षेत्र के ग्राम स्कूलपारा में जमीन विवाद की रंजिश को लेकर ग्रामीण की टांगी से हत्या करने के मामले में माननीय अपर सत्र न्यायालय प्रतापपुर ने आरोपी धर्मजीत को दोषसिद्ध कर 'आजीवन कारावास एवं 1,000 के अर्थदंड' से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि अदा नहीं करने पर आरोपी को '06 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास' भुगतना होगा। यह फैसला माननीय अपर सत्र न्यायाधीश प्रतापपुर श्री ओमप्रकाश सिंह चौहान द्वारा दिनांक 19 अगस्त 2026 को सुनाया गया।

टांगी से हमला कर की थी हत्या।

दिनांक 21 अक्टूबर 2024 को दोपहर करीब 3.30 बजे ग्राम डांडकरवां के स्कूलपारा में जमीन विवाद की पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी धर्मजीत ने लरंग साय के साथ विवाद किया। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने टांगी से लरंग साय की पीठ, गर्दन एवं कान के पास प्राणघातक वार किया जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद मामले में थाना रमकोला में अपराध क्रमांक 25/2024 दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत कार्रवाई की गई। आरोपी को दिनांक 22 अक्टूबर 2024 को गिरफ्तार किया गया था।

पुलिस विवेचना में जुटाए गए महत्वपूर्ण साक्ष्य।

मामले की विवेचना के दौरान विवेचक तत्कालीन निरीक्षक प्रमोद किस्पोट्टा द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण, संबंधित गवाहों के बयान, मृतक का पोस्टमार्टम तथा चिकित्सकीय साक्ष्यों सहित अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्यों का संकलन किया गया। न्यायालय में प्रस्तुत अभियोजन साक्ष्यों एवं चिकित्सकीय साक्ष्य के परीक्षण के बाद आरोपी को हत्या के अपराध का दोषी पाया गया। अभियोजन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक अक्षय तिवारी द्वारा की गई।

इस मामले की सुनवाई विद्वान न्यायाधीश श्री ओमप्रकाश सिंह चौहान, माननीय अपर सत्र न्यायाधीश प्रतापपुर के यहां हुई। माननीय न्यायालय ने मामले की सुनवाई पूरी कर निर्णय दिनांक 19.08.2026 में प्रकरण की सम्पूर्ण परिस्थितियों, साक्ष्यों के आधार पर दोषसिद्ध आरोपी धरमजीत पिता स्व. बलजीत उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम रमकोला, थाना रमकोला को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के अपराध में आजीवन कारावास और 1 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया है।

# आमगांव ओपन कास्ट खदान में हुई मॉक एक्सरसाइज, कलेक्टर एवं एसपी ने किया अवलोकन

गोपाल सिंह विद्रोही

**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)**-राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, सूरजपुर के संयुक्त तत्वावधान में बाढ़ आपदा पर आधारित मॉकड्रिल (मॉक एक्सरसाइज) का आयोजन आज प्रातः 10:00 बजे आमगांव ओपन कास्ट माईन, रामानुजनगर में किया गया। जिसमें कलेक्टर श्रीमती रेना जमील एवं पुलिस अधीक्षक श्री योगेश पटेल ने उपस्थित रहकर संपूर्ण गतिविधि का अवलोकन किया।

मॉक एक्सरसाइज के सफल संपादन हेतु अपर कलेक्टर श्री जगन्नाथ वर्मा के नेतृत्व में नौ कार्यक्षेत्रों के लिए पृथक-पृथक नोडल अधिकारी एवं सहयोगी कर्मचारी नियुक्त किए गए थे। इनमें स्टेजिंग एरिया, इंसिडेंट कमांड पोस्ट, राहत शिविर, कैंप फॉर रिस्पॉन्डर, अस्थायी अस्पताल, हेलीपैड, मीडिया मैनेजमेंट, जल भराव के कारण फंसे लोगों के बचाव का परिदृश्य तथा जीर्णोद्धार से जुड़े विभागों का समन्वय शामिल रहा।




अभ्यास के दौरान खदान क्षेत्र में जल भराव से लोगों के फसने की स्थिति निर्मित कर बचाव दल द्वारा उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला गया तथा प्रभावितों को राहत शिविर तक पहुँचाने की प्रक्रिया का पूर्वाभ्यास किया गया।

अभ्यास में एस.डी.आर.एफ, फायर ब्रिगेड, लाइफ गार्ड, पुलिस एवं मेडिकल टीम ने संयुक्त रूप से भाग लिया। पुलिस विभाग द्वारा प्रत्येक कार्यस्थल पर बल की तैनाती, टूटे पुल एवं डुबान क्षेत्र में यातायात डायवर्सन तथा अस्थायी पुलिस सहायता केन्द्र एवं वायरलेस बेस की व्यवस्था की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दोनों स्थलों पर एम्बुलेंस सहित मेडिकल टीम, घटना स्थल पर सी.पी.आर. का प्रदर्शन, रैपिड रिस्पांस टीम, सर्पदंश उपचार तथा दस बिस्तरीय अस्थायी अस्पताल की व्यवस्था की गई। जिला सेनानी एवं अग्निशमन विभाग द्वारा रेस्क्यू संसाधन एवं फायर वाहन तैनात रहे, वहीं विस्थापित ग्रामीणों को राहत शिविर तक पहुँचाने परिवहन द्वारा सुनिश्चित की गई। मॉकड्रिल स्थल पर आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने में एसईसीएल विश्रामपुर प्रबंधन का सहयोग रहा। कार्यक्रम में जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी श्री संजय गुप्ता, एसडीएम अजय मोडियम, डिप्टी कलेक्टर श्री रमेश मोर, डिप्टी कलेक्टर सुनील अग्रवाल व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

आयोजन का उद्देश्य बाढ़ जैसी आपदा की स्थिति में विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय, प्रतिक्रिया समय एवं उपलब्ध संसाधनों की तत्परता का आकलन करना रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### 27 अगस्त को सैमसंग पेश करेगा गैलेक्सी एस26 सीरीज़ का नया स्मार्टफोन

गैलेक्सी एस26 सीरीज ने कैमरा और एआई से जुड़े अपने नए इनोवेशन के साथ स्मार्टफोन अनुभव को नई ऊंचाई दी है। इससे यूजर्स के लिए रोजमर्रा की जिंदगी में तस्वीरें लेना, कंटेंट तैयार करना और दूसरों से जुड़े रहना आसान हुआ है। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स 27 अगस्त को गैलेक्सी इवेंट अगस्त 2026 आयोजित करेगा। इस दौरान कंपनी गैलेक्सी एस26 सीरीज का नया डिवाइस पेश करेगी। इसे खासतौर से गैलेक्सी एस26 सीरीज के कैमरा और एआई से जुड़े प्रमुख अनुभवों के साथ लेटेस्ट वन यूआई के साथ डिजाइन किया गया है। कंपनी ने इसे यूजर्स की उन जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया है, जो उनके लिए सबसे ज्यादा मायने रखती हैं। गैलेक्सी इवेंट को 27 अगस्त को रात 9 बजे भारतीय समयानुसार शाम 5:30 बजे से सैमसंग.com और सैमसंग के यूट्यूब चैनल पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा।

### रायपुर के की अनन्या अग्रवाल और आदित्यसाई बालकृष्णगनंदम ने सैमसंग सोल्व फॉर टुमारो में राष्ट्रीय टॉप 40 में बनाई जगह, छत्तीसगढ़ को भारत के इनोवेशन मानचित्र पर पहुंचाया

**रायपुर।** महज 15 और 14 वर्ष की उम्र में रायपुर की अनन्या अग्रवाल और आदित्यसाई बालकृष्णगनंदम छत्तीसगढ़ को भारत के उभरते इनोवेशन मानचित्र पर अपनी पहचान दिला रहे हैं। दोनों किशोरों ने सैमसंग सोल्व फॉर टुमारो के पांचवें संस्करण के राष्ट्रीय टॉप 40 में जगह बनाई है। उनका विचार एक ऐसे अधिक समावेशी दृष्टिकोण की खोज करता है, जो एलेक्सिथाइमिया का अनुभव करने वाले ऑटिज्म से ग्रस्त लोगों के भावनात्मक संकेतों को पहचानने में मदद कर सके। सैमसंग सोल्व फॉर टुमारो, 14 से 22 वर्ष की आयु के युवाओं के लिए Samsung का प्रमुख ष्टस्क्र इनोवेशन कार्यक्रम है। डिजाइन थिंकिंग, मेंटरशिप और व्यावहारिक सीख के माध्यम से यह कार्यक्रम पूरे भारत के युवा इनोवेटर्स को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों की पहचान करने और तकनीक-आधारित समाधान तलाशने में सक्षम बनाता है। साथ ही, यह संभावनाओं से भरे विचारों को प्रोटोटाइप की दिशा में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक सहयोग और मंच प्रदान करता है। सहानुभूति पर आधारित एक विचार अनन्या और आदित्यसाई का समाधान इस बात की पड़ताल करता है कि तकनीक किस तरह एलेक्सिथाइमिया का अनुभव करने वाले ऑटिज्म से ग्रस्त लोगों द्वारा भावनाओं को व्यक्त करने और समझने के तरीकों में मौजूद अंतर को बेहतर ढंग से ध्यान में रख सकती है। एलेक्सिथाइमिया एक ऐसी स्थिति है, जिसमें कुछ लोगों के लिए भावनाओं को पहचानना और उनकी व्याख्या करना मुश्किल हो सकता है। इस विचार की शुरुआत एक सरल सवाल से हुई: भावनाओं को पहचानने के लिए बनाई गई तकनीक यह क्यों माने कि हर व्यक्ति उन्हें एक ही तरह से व्यक्त करता है?

### क्रिप्टो निवेशकों के लिए बड़ी खबर! आईडीएल इकोसिस्टम को मिलेगा 1 अरब डॉलर का सुरक्षा कवच

**मुंबई:** एआई आधारित डिसेंट्रलाइज्ड फाइनेंस इकोसिस्टम इन्फिनिटी डीएओ (Infinity DAO) अपने आईडीएल टोकन और पूरे इकोसिस्टम के लिए करीब 1 अरब अमेरिकी डॉलर तक की इंश्योरेंस प्रोटेक्शन स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। अगर प्रस्तावित बीमा कार्यक्रम अंतिम रूप से स्वीकृत और लागू होता है, तो यह डिजिटल एसेट सेक्टर में जोखिम प्रबंधन और संस्थागत विश्वसनीयता की दिशा में एक अहम पहल मानी जा सकती है। प्रस्तावित इंश्योरेंस प्रोग्राम की अंतिम पॉलिसी, अंडरराइटिंग की शर्तें, कवरेज लिमिट और एक्सक्लूजन अभी अंतिम रूप से तय होने हैं। यह व्यवस्था ब्रिटेन स्थित एक विशेषज्ञ क्रिप्टो इंश्योरेंस सिंडिकेट के जरिए तैयार की जा रही है।पांच प्रमुख जोखिमों पर सुरक्षा का फोकस इन्फिनिटी डीएओ की प्रस्तावित इंश्योरेंस व्यवस्था में मुख्य रूप से पांच क्षेत्रों को शामिल करने की योजना है।

टोकन डिफॉल्ट प्रोटेक्शन: पॉलिसी में परिभाषित विशेष परिस्थितियों में आईडीएल टोकन से जुड़े डिफॉल्ट जोखिमों के लिए सुरक्षा।

प्लेटफॉर्म डिफॉल्ट प्रोटेक्शन: इन्फिनिटी डीएओ प्लेटफॉर्म या उसके इकोसिस्टम में परिभाषित विफलता अथवा बीमित डिफॉल्ट की स्थिति में कवरेज।

क्राइम और डिजिटल एसेट चोरी: चोरी, साइबर अपराध, अनधिकृत तरीके से डिजिटल एसेट हटाए जाने और पॉलिसी में शामिल अन्य संबंधित घटनाओं से होने वाले नुकसान के लिए सुरक्षा।

डायरेक्टर्स एंड ऑफिसर्स प्रोटेक्शन: योग्य निदेशकों और अधिकारियों को पॉलिसी के दायरे में आने वाले प्रबंधन संबंधी दावों से सुरक्षा, जिसमें वित्तीय संकट या दिवालियापन से उत्पन्न कुछ परिस्थितियां भी शामिल हो सकती हैं।

# संपादकीय

## रेलवे के बदहाल स्टेशन

रिपोर्ट इस सोच चुनौती देती है कि स्टेशनों का आधुनिकीकरण बुनियादी यात्री सेवाओं की गारंटी कर देता है। जहां स्टेशनों को फिर से बनाया गया, उनमें से भी कई जगहों पर बुनियादी सुविधाओं की कमी है। रेलवे स्टेशनों की दुर्दशा वैसे तो किसी से छिपी नहीं है, लेकिन अब उनकी बदहाली की विस्तृत तस्वीर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) ने भी सामने रखी है। गैर-उपनगरीय रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं एवं स्वच्छता के हाल पर केंद्रित यह रिपोर्ट सभी 16 रेलवे जोनों के 512 ऐसे स्टेशनों के ऑडिट पर आधारित है। सीएजी ने स्टेशनों का चयन यात्रियों की आवाजाही और वहां से होने वाली कमाई को ध्यान में रखते हुए किया। उसने रेलवे डेटा, यात्री शिकायतों, यात्री प्रतिक्रियाओं, और रेलवे अधिकारियों के साथ मिल कर किए गए निरीक्षणों के आधार पर निष्कर्ष निकाले। निष्कर्ष है कि 89 प्रतिशत से अधिक स्टेशनों पर एक या अधिक न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं की कमी है। और समस्या केवल छोटे स्टेशनों पर ही नहीं, बल्कि बड़े, उच्च-राजस्व और अधिक यात्री आवाजाही वाले स्टेशनों पर भी उसी तरह मौजूद है। समस्या है: सुविधाओं का ना होना और जो सुविधाएं मौजूद हैं, उनकी नाकाफी क्षमता तथा उनका रखरखाव ठीक ना होना। रिपोर्ट के मुताबिक 188 स्टेशनों पर पेय जल के पर्याप्त नल उपलब्ध नहीं थे, जो रेल मंत्रालय के इस दावे का खंडन करता है कि ऐसी सुविधाएं प्रदान कर दी गई हैं। रिपोर्ट इस सोच चुनौती देती है कि स्टेशनों का आधुनिकीकरण खुद ही बुनियादी यात्री सेवाओं की गारंटी कर देता है। यहां तक कि जहां स्टेशनों को फिर से बनाया गया है और जिन्हें बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर वाले स्टेशन समझा जाता है, उनमें से भी कई जगहों पर यात्रियों को पानी, पंखे, बैठने की जगह, शौचालय, और स्वच्छता की कमी आदि का सामना करना पड़ रहा है। सार है कि भारतीय रेलवे के पास मानदंड, फंड और निगरानी के ढांचे तो मौजूद हैं, लेकिन उनके जरिए अमल असमान बना हुआ है। कारण जवाबदेही के सिस्टम का अभाव है। इस कारण सुविधाओं को मानदंडों के अनुसार प्रदान नहीं किया जाता, कार्यों के पूरा होने में देर होती है, मौजूद सुविधाओं का रखरखाव नहीं किया जाता, और कमियों को समयबद्ध कार्य योजनाओं के जरिए दूर नहीं किया जाता है। और इन सबको लेते हुए ही भारत विकसित होने की अपनी यात्रा पर आगे बढ़ रहा है!

# विदेशी चंदे पर नियंत्रण और संतुलन की अपेक्षा

**ललित गर्ग**



भारत में समय-समय पर ऐसे मामले सामने आए हैं जिनमें विदेशी वित्तपोषण के दुरुपयोग, वित्तीय अनियमितताओं अथवा राष्ट्रीय हित से टकराने वाली गतिविधियों को लेकर सवाल उठे हैं। इसलिए एफसीआरए का मूल उद्देश्य-विदेशी अंशदान को पारदर्शी, उत्तरदायी और वैध उद्देश्यों तक सीमित रखना-न तो अनुचित है और न ही लोकतंत्र विरोधी। 12 अगस्त 2026 का दिन भारतीय संसद के लिए इसलिए महत्वपूर्ण रहा कि विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 यानी एफसीआरए विधेयक को लोकसभा ने 31 सदस्यीय संयुक्त संसदीय समिति- जेपीसी के पास भेज दिया। यह फैसला केवल एक विधेयक को संसदीय प्रक्रिया के अगले चरण में भेजना नहीं है, बल्कि उस व्यापक बहस का अवसर है जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेशी धन की पारदर्शिता, धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं की स्वायत्तता, नागरिक समाज की भूमिका और लोकतांत्रिक अधिकार-सभी एक साथ जुड़े हुए हैं। विधेयक को जेपीसी के पास भेजे जाने से सरकार और विपक्ष के बीच तत्काल टकराव को कुछ हद तक विमर्श में बदलने का अवसर मिला है। एफसीआरए का इतिहास भी इस बहस की गंभीरता को समझने में मदद करता है। विदेशी धन के माध्यम से देश के राजनीतिक और सामाजिक जीवन पर बाहरी प्रभाव की आशंकाओं को देखते हुए 1976 में पहली बार कानून बनाया गया था। वर्ष 2010 में इसे नए एफसीआरए कानून से प्रतिस्थापित किया गया और उसके बाद 2020 सहित विभिन्न चरणों में इसके प्रावधान अधिक कठोर होते गए। आज यह कानून केवल विदेशी चंदे की प्राप्ति और उसके उपयोग का लेखा-जोखा रखने का माध्यम नहीं रह गया है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़े विमर्श का भी महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। आंकड़े इस विषय की व्यापकता बताते हैं। पीआरएस के अनुसार 15 जुलाई 2026 तक 14,449 एफसीआरए प्रमाणपत्र सक्रिय थे, जबकि 22,498 रद्द और 15,212 समाप्त माने गए। 2019 से 2022 के बीच 13,520 संगठनों को लगभग 55,741 करोड़ रुपये का विदेशी अंशदान मिला। इन आंकड़ों को देखकर यह सवाल स्वाभाविक है कि इतनी बड़ी धनराशि का उपयोग कहां, किस उद्देश्य से और किस स्तर की निगरानी के साथ हुआ? लेकिन इसके साथ दूसरा प्रश्न भी उतना ही महत्वपूर्ण है-क्या किसी संस्था का एफसीआरए पंजीकरण समाप्त हो जाना अपने आप में किसी वित्तीय या आपराधिक अनियमितता का प्रमाण माना जा सकता है? सरकार के अपने स्पष्टीकरण के अनुसार भी पंजीकरण समाप्त होने के कई कारण हो सकते हैं और हर समाप्ति को गलत काम से जोड़ना उचित नहीं है। यहीं से प्रस्तावित संशोधन का सबसे संवेदनशील पक्ष सामने आता है। विधेयक में 'नामित प्राधिकरण' की व्यवस्था प्रस्तावित है। यदि किसी संस्था का एफसीआरए पंजीकरण रद्द हो जाता है, वह स्वयं पंजीकरण छोड़ देती है या उसका प्रमाणपत्र नवीनीकरण न होने के कारण समाप्त हो जाता है, तो विदेशी अंशदान और उससे निर्मित संपत्तियां पहले अस्थायी रूप से इस प्राधिकरण के अधीन आ सकती हैं। यदि निर्धारित अवधि में पंजीकरण बहाल नहीं होता तो संपत्तियां स्थायी रूप से निहित की जा सकती हैं तथा उन्हें सार्वजनिक प्रयोजनों के लिए उपयोग या बेचने का प्रावधान है। बिक्री से प्राप्त राशि और अप्रयुक्त विदेशी अंशदान भारत की समेकित निधि में जमा किए जाने का प्रस्ताव है। भारत में समय-समय पर ऐसे मामले सामने आए हैं जिनमें विदेशी वित्तपोषण के दुरुपयोग, वित्तीय अनियमितताओं अथवा राष्ट्रीय हित से टकराने वाली गतिविधियों को लेकर सवाल उठे हैं। इसलिए एफसीआरए का मूल उद्देश्य-विदेशी अंशदान को पारदर्शी, उत्तरदायी और वैध उद्देश्यों तक सीमित रखना-न तो अनुचित है और न ही लोकतंत्र विरोधी। लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा की आवश्यकता और प्रशासनिक शक्ति के विस्तार के बीच एक स्पष्ट रेखा भी होनी चाहिए। यही इस विधेयक की असली परीक्षा है। यदि किसी संस्था ने विदेशी धन का इस्तेमाल आतंकवाद, हिंसा, अलगाववाद, जबरन या प्रलोभन आधारित धर्मांतरण, राजनीतिक अस्थिरता अथवा भारत की संप्रभुता को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों में किया है, तो उसके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई होनी चाहिए। राष्ट्रहित में ऐसी कठोरता आवश्यक है। मगर दूसरी ओर यदि कोई संस्था अस्पताल चला रही है, गरीबों के लिए शिक्षा उपलब्ध करा रही है, पर्यावरण संरक्षण कर रही है, महिलाओं और बच्चों के लिए काम कर रही है अथवा प्राकृतिक आपदा में राहत पहुंचा रही है, तो केवल तकनीकी या प्रक्रियागत चूक के कारण उसके वर्षों के सामाजिक कार्य और विदेशी अंशदान से निर्मित परिसंपत्तियों पर तत्काल सरकारी नियंत्रण स्थापित हो जाना चिंता का विषय बन सकता है। यही कारण है कि जेपीसी के पास जाना इस विधेयक के लिए एक सकारात्मक अवसर है। संसद में बहुमत से कानून पारित करना लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा है, लेकिन जिन कानूनों का प्रभाव हजारों संस्थाओं, लाखों लाभार्थियों और देश के व्यापक नागरिक समाज पर पड़ता हो, उनकी बारीकी से जांच लोकतंत्र को मजबूत करती है। जेपीसी में विपक्ष अपनी आपत्तियां रख सकता है, सरकार अपने तर्क स्पष्ट कर सकती है और विधि विशेषज्ञों, सामाजिक संगठनों, धार्मिक संस्थाओं, वित्तीय विशेषज्ञों तथा सुरक्षा एजेंसियों के अनुभवों को भी सामने लाया जा सकता है। विधेयक में एक महत्वपूर्ण संतुलनकारी प्रावधान यह भी है कि धार्मिक स्थल की धार्मिक प्रकृति को बनाए रखना अनिवार्य होगा। नामित प्राधिकरण किसी ऐसे स्थल को दूसरे उद्देश्य में बदल या उसकी धार्मिक प्रकृति समाप्त नहीं कर सकेगा। इसके अलावा प्रभावित संस्था को 90 दिनों के भीतर पुनरीक्षण का अधिकार और जिला न्यायाधीश के समक्ष अपील का प्रावधान दिया गया है। सरकार ने यह भी बताया है कि पंजीकरण बहाल होने पर अस्थायी रूप से निहित संपत्तियां और अप्रयुक्त धन वापस किए जाएंगे। ये प्रावधान स्वागत योग्य हैं, लेकिन सवाल यह रहेगा कि इन अधिकारों की वास्तविक स्वतंत्रता और प्रक्रिया कितनी प्रभावी होगी। एक और महत्वपूर्ण परिवर्तन नवीनीकरण से जुड़ा है। 2026 के नियमों में पिछले दो वित्तीय वर्षों में कम से कम 10 लाख रुपये विदेशी अंशदान के उपयोग को सक्रिय संस्था की पहचान के रूप में रखा गया है। साथ ही गतिविधि और राज्य-विशिष्ट पंजीकरण तथा अधिक विस्तृत उपयोग संबंधी जानकारी देने की व्यवस्था भी की गई है। यह व्यवस्था निष्क्रिय संस्थाओं पर नियंत्रण के लिए उपयोगी हो सकती है, लेकिन जेपीसी को यह भी देखना होगा कि क्या हर छोटी लेकिन वास्तविक सामाजिक संस्था के लिए 10 लाख रुपये खर्च करना व्यावहारिक मानदंड है। सामाजिक उपयोगिता का मूल्य केवल धनराशि से नहीं किया जा सकता। एफसीआरए की बहस को केवल 'सरकार बनाम विपक्ष' या 'राष्ट्रवाद बनाम नागरिक स्वतंत्रता' के द्वंद्व में सीमित करना भी उचित नहीं होगा। असली प्रश्न इससे कहीं बड़ा है-भारत विदेशी धन को किस तरह स्वीकार करेगा और यह सुनिश्चित कैसे करेगा कि विदेशी संसाधन भारतीय समाज के हित में काम करें, न कि भारत की नीतियों और सामाजिक ताने-बाने को प्रभावित करने का माध्यम बनें? इसी के साथ यह भी तय करना होगा कि सरकार की नियामक शक्ति इतनी व्यापक न हो जाए कि स्वतंत्र सामाजिक संस्थाओं की वैध असहमति भी संदेह की दृष्टि से देखी जाने लगे। भारत जैसे विशाल और विविध लोकतंत्र में नागरिक समाज सरकार का विरोधी नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था का सहयोगी अंग है। हजारों गैर-सरकारी संगठन स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास, पर्यावरण, महिला सशक्तीकरण, दिव्यांग कल्याण और आपदा राहत के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण काम कर रहे हैं।

## आलेख

# जंगल की लड़ाई शहरों तक पहुंचेगी!

**अजीत द्विवेदी**

पिछले कुछ वर्षों से एक परिघटना के तौर पर 'अर्बन नक्सल' की चर्चा हो रही है। बड़े शहरों खास कर महानगरों में रहने वाले कुछ बुद्धिजीवियों को गिरफ्तार भी किया गया। उनके ऊपर नक्सलियों को समर्थन देने के आरोप लगे। भीमा कोरेगांव में हिंसा भड़काने के प्रयास के आरोपों में जांच हुई और कई बौद्धिकों के कंप्यूटर से कथित तौर पर हिंसा को समर्थन देने वाले दस्तावेज व चिट्ठियां बरामद हुईं। इस सिलसिले में गिरफ्तार किए गए फादर स्टेन स्वामी का न्यायिक हिरासत में निधन हो गया। उनके हाथ कांपते थे और उनको पानी पीने के लिए स्ट्रॉ चाहिए था तो उसकी लड़ाई सुप्रीम कोर्ट तक गई थी। सरकार उनके प्रति इतनी सख्त थी कि जेल प्रशासन स्ट्रॉ तक नहीं दे रहा था। गौतम नवलखा से लेकर आनंद तेलतुम्बडे और प्रोफेसर जी साईबाबा तक अनेक लोग गिरफ्तार हुए और लंबे समय तक जेल में रहे। अब प्रधानमंत्री ने 'दिमागी नक्सल' का एक नया जुमला ईजाद किया है। उन्होंने लाल किले की प्राचीर से अपने 13वें भाषण में यह जुमला बोला। उन्होंने दावा किया कि जंगल के नक्सलियों, जिनके लिए उन्होंने 'हथियारी नक्सल' शब्द का इस्तेमाल किया, का सफाया हो चुका है। इसके बाद उन्होंने 'दिमागी नक्सल' की पहचान करने और उन्हें समाप्त करने का आह्वान किया। यह 'अर्बन नक्सल' से आगे की परिघटना है। ऐसा लग रहा है कि 'अर्बन नक्सल' का विमर्श वांछित परिणाम नहीं दे सका है। शहरी और ग्रामीण विभाजन में यह मामला कहीं खो गया। मध्य वर्ग के कुछ लोगों को एक अवधारणा के तौर पर यह अच्छा लगा लेकिन जिन लोगों पर कार्रवाई हुई उनमें से ज्यादातर को सामान्य लोग नहीं जानते थे या उनसे कनेक्ट नहीं कर सके। इसलिए उनके लिए ऐसे लोगों को खतरे के तौर पर देखना थोड़ा मुश्किल था। तभी ऐसा लग रहा है कि उससे आगे की परिघटना के तौर पर 'दिमागी नक्सल' का विचार प्रस्तुत किया गया है। प्रधानमंत्री ने इसे अलग से परिभाषित नहीं किया लेकिन जिस तरह उन्होंने 'हथियारी नक्सल' के बरक्स 'दिमागी नक्सल' को रखा उससे परिभाषा बहुत स्पष्ट है। इसका पहला उद्देश्य तो यह दिख रहा है कि 'अर्बन नक्सल' से जो बात ज्यादा लोगों तक नहीं पहुंची उसे 'दिमागी नक्सल' के नाम पर पहुंचाया जाए। दूसरा मकसद यह दिख रहा है कि इसे एक खास भौगोलिक क्षेत्र की बजाय अखिल भारतीय परिघटना बनाया जाए। तीसरा उद्देश्य जंगल की लड़ाई को घर घर में और गली गली में पहुंचाना है। ध्यान रहे लोग नक्सल का एक ही मतलब समझते हैं। जिनको इसका इतिहास, भूगोल भी नहीं पता है वे भी मानते हैं कि नक्सली वो लोग होते हैं, जो सरकार से लड़ते हैं और सुरक्षाकर्मियों पर हमला करते हैं। यह बहुत सरलीकृत धारणा है लेकिन आम भारतीय के मन में नक्सली की यही छवि है। यह बात खासतौर से उन इलाकों के लिए कही जा सकती है, जहां नक्सलवाद का असर नहीं रहा है। बिहार, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश जैसे राज्य, जहां माओवाद या नक्सलवाद का असर रहा उन राज्यों के बाहर इसके बारे में कोई स्पष्ट धारणा लोगों के मन में नहीं है। असर वाले राज्यों में भी शहरी इलाकों में लोग इससे अप्रभावित रहे हैं। तो दूसरी ओर ग्रामीण इलाकों में इनके प्रति सहानुभूति रखने और इन्हें समर्थन देने वाला भी एक बड़ा तबका हमेशा मौजूद रहा है।बहरहाल, जो बिल्कुल ही अप्रभावित रहे या नक्सलवाद की परिघटना के भौगोलिक दायरे से बाहर रहे उनके मन में नक्सलियों को लेकर जो धारणा है वह सरकार विरोधी और सुरक्षा बलों पर हमला करने वालों के रूप में है। वे 'दिमागी नक्सल' को भी इसी रूप में देखेंगे। उनके लिए 'दिमागी नक्सल' वह है, जो सरकार का विरोध कर रहा है। भले विरोध लोकतांत्रिक हो। विरोध के तरीकों के आधार पर फर्क नहीं किया जाएगा। सशस्त्र विरोध और लोकतांत्रिक विरोध एक माने जाएंगे। तभी यह संभव है कि एक बरसात में धंस जाने वाले एक्सप्रेसवे का मुद्दा उठाने वाला 'दिमागी नक्सल' मान लिया जाए। पेट्रोल में इथेनॉल मिलाने का विरोध वाले से लेकर छात्र आंदोलन का समर्थन करने वालों को भी 'दिमागी नक्सल' ठहराया जा सकता है। सरकार की आर्थिक व विदेश नीति पर सवाल उठाने वाला या सुरक्षा बलों की कार्रवाई का विरोध करने वाला तो निश्चित रूप से 'दिमागी नक्सल' माना जाएगा।

# लूट सके सो लूट, हाँक सके सो हाँक.....

**शंकर शरण**

देश भर में हर शिक्षा संस्थान में प्रवेश, और वहाँ की परीक्षा, हर प्रश्न-पत्र, हर मूल्यांकन, आदि एक ही आफिस से करने का निर्णय लिया गया होगा। ऐसी मतिहीनता सामान्य बुद्धि से भी अटपटी लग सकती है। कि कहीं एक भी गड़बड़ी, एक भी भूल, एक की पतिताई, आदि कुछ भी देश भर के लाखों व्यक्तियों, संस्थाओं को कष्ट देगी। बार-बार परेशान करेगी।ज. कोई कल्पना भी नहीं कर सकता कि ईटन, हैरो, कैम्ब्रिज, ऑक्सफोर्ड, आदि सभी विख्यात शिक्षा संस्थानों में प्रवेश के लिए एक सरकारी कार्यालय टेस्ट लेगा! ऐसा करना हर तरह से मूढ़ता पूर्ण है। पर यहाँ किया जा रहा है। सार्वजनिक शिक्षा- गरीब की लुगाई -2 वरना, सोच कर बताएं — यह किस ने, और किस उद्देश्य से तय किया कि प्रवेश परीक्षा में शून्य अंक पाने वाला भी एक बड़े विश्वविद्यालय में पीएचडी करने के लिए प्रवेश पा सकता है? इस के उत्तर में बचाव में जितनी बातें होंगी, सब राजनीतिक और स्वार्थ, ईर्ष्या-द्वेष, लफ्फाजी का बवंडर होगा। उस में शिक्षा या ज्ञान के प्रति कोई चिंता या समझ भी लक्षित नहीं होगी। यही है- शिक्षा का गरीब की जोरू होना! इस पर हर कोई कुछ भी बोलने, करने, थोपने, फतवे देने का अधिकारी है। मानो, यही एक क्षेत्र है जिस के लिए किसी पात्रता की जरूरत नहीं! पार्टी कार्यकर्ता से लेकर ठेकेदार तक उस में अपनी चला सकते हैं। चलाते हैं। इसी दृष्टिकोण से देश भर में हर शिक्षा संस्थान में प्रवेश, और वहाँ की परीक्षा, हर प्रश्न-पत्र, हर मूल्यांकन, आदि एक ही आफिस से करने का निर्णय लिया गया होगा। ऐसी मतिहीनता सामान्य बुद्धि से भी अटपटी लग सकती है। कि कहीं एक भी गड़बड़ी, एक भी भूल, एक की पतिताई, आदि कुछ भी देश भर के लाखों व्यक्तियों, संस्थाओं को कष्ट देगी। बार-बार परेशान करेगी। जबकि स्थानीय, संस्थागत, राज्यवार, आदि क्षेत्राधिकार में स्वयं संपूर्ण रहने पर हर संस्था, हर परीक्षा, हर मूल्यांकन की गुणवत्ता अधिक सुरक्षित, स्पष्ट, सीमित, जिम्मेदार, और इसलिए उत्कृष्टता की संभावना भी बनी रहती है। यही पहले था भी। यूरोप और अमेरिका के शैक्षिक संस्थानों में अभी भी वही है। उधर कोई कल्पना भी नहीं कर सकता कि ईटन, हैरो, कैम्ब्रिज, ऑक्सफोर्ड, आदि सभी विख्यात शिक्षा संस्थानों में प्रवेश के लिए एक सरकारी कार्यालय टेस्ट लेगा! ऐसा करना हर तरह से मूढ़ता पूर्ण है। पर यहाँ किया जा रहा है। जो शिक्षा की गुणवत्ता और उत्कृष्टता को पेंदे में पहुँचा देने का अचूक उपाय है। मानो भारतीय विश्वविद्यालय रूपी फैक्ट्री से औसत कुली-कर्मचारी बनने लायक औसत माल तैयार करना हो। बस। इस से अधिक की कल्पना नहीं, चिन्ता नहीं। वैसे भी, हर चीज का 'केंद्रीकरण' एक कम्युनिस्ट-लोकतंत्री मानसिकता है। यह अंध-मानसिकता कि सब कुछ 'जनता', यानी उस के नाम पर पार्टी करेगी। फिर पार्टी के नाम पर भी एक पार्टी-कमिटी, बल्कि उस का प्रमुख, यानी अंततः एक नेता। क्या यह — एक देश एक परीक्षा — भी, 'एक देश एक चुनाव', 'एक देश एक पार्टी', और 'एक देश एक नेता' की तरह की बे-सिर-पैर की कल्पना ही है? यह रूसी कम्युनिस्ट मानसिकता का ही भारतीय हिन्दू रूप जैसा है। परन्तु, इस तरह सब कुछ एक हाथ में केंद्रित कर देना बुद्धि, विवेक, जिम्मेदारी, और गुणवत्ता का सत्यानाश करने का ही प्रबंध करना है। पूरे सोवियत कम्युनिज्म के इतिहास का सबक और क्या है? पूरे सत्तर बरस, पूरा देश चुपचाप ऊपर का मुँह देखने, और ऊटपटाँग हुक्म मानने के सिवा और कुछ नहीं कर सकता था! साथ ही, जो भी गड़बड़ी हो रही हो, पहले उसे छिपाना, लीपा-पोती करना, और जब बात खुल जाए तो 'विदेशियों', 'गद्दारों', या 'कामचोरों' को दोष देकर फिर वैसे ही उल्टा-सीधा करते जाना। यही दशकों से सोवियत कम्युनिज्म में चलता रहा। उसी कम्युनिज्म से स्वतंत्र भारत की अनेकानेक शासकीय नीतियाँ प्रभावित रही है। चूँकि उस से मुट्ठी भर राजनीतिक वर्ग असीम शक्ति, सुविधा, और भोग-विलास का अवसर पाता रहा है। इसलिए भी हर चीज पर राजकीय कब्जा करने, फिर केंद्रीकरण, आदि उसी पार्टी-एकाधिकारी मानसिकता की व्युत्पत्ति है। सब पर हम, सब कुछ पर हमारा चले। सब हमारे ताबेदार। जो विरोध करें, वह जनता के दुश्मन, या विदेशी एजेंट। इस तरह की बनी-बनाई रट, यहाँ भी सोवियत यूनियन से ही मिलती जुलती लंबे समय से रही है। दशकों पहले कारखानों का, बैंकों का, अनेक उद्योग व्यापारों, आदि का राष्टीयकरण उसी भावना में हुआ था। जब दशकों में भारी बर्बादी और लूट करके, साथ ही अंतहीन कुव्यवस्था से आगे चलना एकदम असंभव हो गया, तब जाकर किसी तरह कुछ बदलाव हुए। वह भी नरसिंह राव और मनमोहन सिंह की चतुराई से, लगभग चुपचाप, छिपाकर। पर यहाँ आम राजनीतिक वर्ग की वह एकाधिकारी, मनमानी, विशेषाधिकार, राजकीय संसाधनों की छीना-झपट, आदि की मानसिकता यथावत है। शिक्षा क्षेत्र उस का एक बड़ा उदाहरण है। अभी देश के विश्वविद्यालयों के क्रियाकलापों का आम नजारा है — 'लूट सके सो, लूट। हाँक सके सो हाँक'! बहरहाल, केंद्रीकरण करने वालों ने यह मोटी बात भी नहीं देखी कि सालो भर, नियमित रूप से, लाखों-लाख आवेदनों को जब एक केंद्रीय कार्यालय में देखा जाएगा, सैकड़ों तरह के प्रश्न पत्र एक ही जगह बनेंगे, तो यह सब अंतिम बाबुओं, क्लर्कों, सहायकों के माथे जाएगा — न शिक्षा मंत्री, न शिक्षा सचिव, न एजेंसी के डायरेक्टर वह सब देखेंगे। वे देख भी नहीं सकते! वह भौतिक रूप से असंभव है।

# रक्षा-उत्पादन विकास की राह पर तेज़ दौड़

**डी. के. पांडेय**

वायुसेना के संदर्भ में, एडवांस्ड प्लेटफॉर्म और सिस्टम का विकास स्वदेशी टेक्नोलॉजी में एक बड़ी छलांग दिखाता है। लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एल सी ए) तेजस, एक मल्टी-रोल फाइटर जेट, इसका एक बड़ा उदाहरण है। दशकों के विकास के बाद, तेजस इंडियन एयर फोर्स के साथ स्क्वाड्रन सर्विस में शामिल हो गया है। विकासशील भारत अपना 80वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है, यह राष्ट्रीय स्तर पर आत्मनिरीक्षण और आगे की सोच का प्रतीक है। रक्षा उत्पादन का क्षेत्र इसकी आत्मनिर्भरता और रणनीतिक ऑटोनॉमी का एक अहम स्तंभ बनकर उभरा है। मिलिट्री हार्डवेयर के एक बड़े आयातक से एक भरोसेमंद डिफेंस निर्यातक बनने का सफर भारत की बढ़ती क्षमताओं और रणनीतिक दूरदर्शिता का सबूत है। यह बदलाव सिर्फ एक आर्थिक या टेक्नोलॉजिकल उपलब्धि नहीं है; यह असल में नेशनल सिक्योरिटी, जियोपॉलिटिकल स्टैंडिंग और ग्लोबल स्टेज पर ज़्यादा असरदार भूमिका निभाने की इच्छा से जुड़ा है। पिछले कुछ दशकों में, खासकर हाल के सालों में रक्षा उत्पादन में जो तरक्की हुई है, वह एक मजबूत स्वदेशी डिफेंस इंडस्ट्रियल इकोसिस्टम बनाने की सोची-समझी कोशिश को दिखाती है। यह लेख भारत के रक्षा-उत्पादन विकास की खास बातों पर गहराई से बात करेगा, क्योंकि यह अपने 80वें स्वतंत्रता दिवस के करीब पहुंच रहा है, इसकी ग्रोथ को आगे बढ़ाने वाले कई वजहों को देखेगा, और उन रुकावटों की बारीकी से जांच करेगा जो इसकी पूरी क्षमता को चुनौती दे रही हैं। भारत के रक्षा उत्पादनके माहौल में एक बड़ा बदलाव आया है, जो विदेशी डिजाइनों की असेंबली और लाइसेंस्ड प्रोडक्शन से आगे बढ़कर स्वदेशी इनोवेशन और मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा दे रहा है। कई खास बातें इस तरक्की को दिखाती हैं। वायुसेना के संदर्भ में, एडवांस्ड प्लेटफॉर्म और सिस्टम का विकास स्वदेशी टेक्नोलॉजी में एक बड़ी छलांग दिखाता है। लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एल सी ए) तेजस, एक मल्टी-रोल फाइटर जेट, इसका एक बड़ा उदाहरण है। दशकों के विकास के बाद, तेजस इंडियन एयर फोर्स के साथ स्क्वाड्रन सर्विस में शामिल हो गया है और इसे एक्सपोर्ट करने पर विचार किया जा रहा है, जो भारत की एडवांस्ड फाइटर एयरक्राफ्ट डिजाइन करने, डेवलप करने और बनाने की क्षमता को दिखाता है। इसी तरह, पांचवीं पीढ़ी के फाइटर,



एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (ए एम सी ए) का विकास चल रहा है, जिसका मकसद भारत को ऐसी एडवांस क्षमताओं वाले चुनिंदा देशों के ग्रुप में जगह दिलाना है। नेवल डिफेंस के क्षेत्र में काफी तरक्की हुई है। भारत ने आई एन एस विक्रांत जैसे स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर को सफलतापूर्वक डेवलप और डिप्लॉय किया है, जो पहला स्वदेशी रूप से डिजाइन और बनाया गया एयरक्राफ्ट कैरियर है। यह उपलब्धि भारत को दुनिया भर में एक खास जगह दिलाती है, जो इसकी व्यापक नेवल शिपबिल्डिंग क्षमताओं को दिखाती है। इसके अलावा, स्कॉर्पीन क्लास (फ्रांस के नेवल ग्रुप के साथ मिलकर बनाया गया लेकिन इसमें काफी भारतीय कंटेंट है) और एडवांस्ड पारंपरिक पनडुब्बियों पर फोकस करने वाला आने वाला क्75ख्र प्रोजेक्ट सहित सबमरीन का स्वदेशी विकास, पानी के नीचे की लड़ाई में बढ़ती आत्मनिर्भरता को दिखाता है। एडवांस्ड स्वदेशी हथियारों और सेंसर से लैस डिस्ट्रॉयर, फ्रिगेट और ऑफशोर पेट्रोल वेसल का कंस्ट्रक्शन, भारतीय नेवी की ऑपरेशनल पहुंच और टेक्नोलॉजिकल बढ़त को और मजबूत करता है। थल सेना के लिए स्वदेशीकरण में काफी बढ़ोतरी देखी गई है। अर्जुन जैसे मेन बैटल टैंक (एम बी टी) का प्रोडक्शन, हालांकि शुरुआती विकास में चुनौतियों का सामना कर रहा था, लेकिन अब एक मज़बूत प्लैटफ़ॉर्म बन गया है। इससे भी ज़्यादा ज़रूरी बात यह है कि मॉडर्न आर्टिलरी सिस्टम, जिसमें धनुष टोड आर्टिलरी गन और के9 वज्र-ञ्ज (भारत में लाइसेंस के तहत बनाया गया एक साउथ कोरियन डिज़ाइन) शामिल हैं, के लिए ज़ोर ने इंडियन आर्मी की फायरपावर को बेहतर बनाया है। कलाश्निकोव ए के-203 (भारत में बनी) जैसी देसी असॉल्ट राइफलों का विकास, और अगली पीढ़ी के इन्फेंट्री कॉम्बैट व्हीकल और आर्मर्ड पर्सनल कैरियर के लिए भविष्य के प्रोजेक्ट, ज़मीनी सेना को स्टेट-ऑफ़-द-आर्ट हथियारों से लैस करने के कमिटमेंट को दिखाते हैं। मिसाइल और रॉकेट का क्षेत्र भारत के लिए लगातार ताकत का क्षेत्र रहा है। इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (आई सी बी एम) की अग्नि सीरीज़, पृथ्वी शॉर्ट-रेंज बैलिस्टिक मिसाइल, आकाश सरफेस-टू-एयर मिसाइल सिस्टम, और ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल (रूस के साथ एक जॉइंट वेंचर) का विकास और इंडक्शन मिसाइल टेक्नोलॉजी में भारत की एडवांस्ड क्षमताओं को दिखाता है। ये सिस्टम ज़रूरी रणनीतिक रोकथाम और हमला करने की क्षमता देते हैं। वर्टिकल टेक-ऑफ और लैंडिंग (वी टी ओ एल) मिसाइलों और हाइपरसोनिक टेक्नोलॉजी का चल रहा विकास, मिसाइल युद्ध में सबसे आगे रहने की भारत की इच्छा का और संकेत देता है।

# मोक्ष सप्तमी पर निर्वाण लाडू चढ़ाकर मनाया भगवान पारसनाथ स्वामी का मोक्ष कल्याणक

■ साधना के समय कमठ द्वारा किए गए उपसर्ग को भी पारसनाथ स्वामी ने क्षमा कर दिया, जो हमें हर परिस्थिति में दया भाव रखने का संदेश देता है - विशाल जैन पवा



**तालबेहट (ललितपुर) (विश्व परिवार)।** बुंदेलखंड के प्रसिद्ध दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र पावागिरि सहित कसबे के दोनों जैन मंदिरों में मोक्ष सप्तमी पर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। सिद्ध क्षेत्र पावागिरि में पं. विनोद जैन शास्त्री के निर्देशन में जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर बालयति भगवान पारसनाथ स्वामी का मोक्ष कल्याणक महा महोत्सव के अवसर पर सुबह चैतन्य चमत्कारी मूलनायक पारसनाथ स्वामी का अभिषेक-शांतिधारा पूजन एवं विघ्नहरण पारसनाथ विधान का आयोजन किया गया। जिसमें विपिन कुमार पवन जैन महावीर प्रसाद अतुल जैन राजाखेड़ा, राजीव कुमार श्रेय जैन राजेश कुमार राकेश जैन ललितपुर एवं मिठया संतोष कुमार सौरभ जैन अभिषेक कुमार अर्हम जैन ने मंत्रोच्चार के मध्य शांतिधारा संपन्न की। सम्यक जैन रोहित बुखारिया ने छत्र चढ़ाया, सोनम रीतेश जैन ने चँवर ढोरे एवं अपर्णा सचिन जैन निवाड़ी ने आरती उतारी। दीप्ति राजीव जैन ललितपुर एवं अंजू राकेश सतभैया ने निर्वाण लाडू चढ़ाया। दोपहर में ध्वजारोहण, वार्षिक कलशभिषेक के बाद निर्वाण लाडू चढ़ाकर मोक्ष कल्याणक मनाया। कार्यक्रम के शुभारम्भ में मूलनायक भगवान पारसनाथ स्वामी एवं आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के चित्र का अनावरण एवं दीप प्रज्वलन अभय जैन विरधा एवं सुभाष जैन कड़ेसरा ने किया। ध्वजारोहण पूर्व पार्षद चौधरी चक्रेश जैन एवं दानाशाह अर्चित जैन नयाखेड़ा ने किया। सौरभ जैन विरधा, जिनेन्द्र जैन पचौड़ा, आनंद जैन पवा एवं शिखरचंद माताटीला ने अभिषेक एवं अरविन्द जैन विरधा और धर्णेन्द्र जैन खजराहा ने शांतिधारा की क्रियाएँ संपन्न की। राजेंद्र जैन टूंका, पुष्पेंद्र जैन विरधा, चौधरी सुधीर जैन, चेतन जैन बुढ़पुरा, मनीष जैन कड़ेसरा ने चँवर ढोरे एवं अनुज जैन नयाखेड़ा ने छत्र चढ़ाया, अजय जैन विरधा ने मंगल आरती उतारी। निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य दानाशाह जैन, चंद्रकुमार नयाखेड़ा, प्रसन्न कुमार प्रदीप जैन गुन्देरा, उत्तमचंद, विजय जैन, राजकुमार जैन पवा, कैलाशचंद जैन गेवरा, सुरेंद्र जैन, गौरव कुमार, ऋषभ जैन, आदेश कुमार, अचिन जैन विरधा, आदेश मोदी, अनिल जैन, रोहित बबीना, पंकज भंडारी, अमित जैन कड़ेसरा एवं वामदेवी महिला मण्डल जखौरा ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में क्षेत्र प्रबंध समिति सहित निकटवर्ती सकल दिगम्बर जैन समाज का सक्रिय सहयोग रहा। संचालन अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन एवं आभार व्यक्त मंत्री जयकुमार जैन ने किया। वहीं कसबे के वासुपूज्य दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजित भक्तामर महामंडल विधान के साथ जैन मिलन बहुमण्डल एवं वासुपूज्य जिनालय शाखा के संयुक्त तत्वाधान में निर्वाण लाडू चढ़ाकर भगवान पारसनाथ स्वामी का मोक्ष कल्याणक मनाया गया। सायं काल में णमोकार महामंत्र का पाठ एवं मंगल आरती का आयोजन किया गया। जिसमें सकल दिगम्बर जैन समाज का सक्रिय सहयोग रहा। संचालन अनिल जैन बबीना ने किया। आभार व्यक्त विशाल जैन पवा ने किया।

# जीवन का सार धर्म है,धर्म को अपनाने से जीवन में शाश्वत सुख मिलता है : आचार्य श्री वर्धमान सागर जी

■ गुरु के बिना जीवन शुरू नहीं होता ,गुरु अज्ञान रूपी अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर, पाप से पुण्य की और अधर्म से धर्म की ओर ले जाते हैं आर्यिका श्री महायश मति



**सीकर (विश्व परिवार)।** रजैन धर्म अरिहंत भगवान का धर्म है क्योंकि यह केवलज्ञान रूपी लक्ष्मी युक्त है। अरिहंत भगवान की दिव्य ध्वनि से धर्म बरसता है, पुण्य भी लक्ष्मी है। सभी को आत्मिक परिणाम ठीक रखना चाहिए घर में अशुद्धता होने से आप दुखी और कष्ट में है, संसारी प्राणी पाप को छोड़ेगा, तभी सुख मिलेगा संसारमें हर वस्तु नश्वर है पुण्य पाप के अनुसार ही आयु गति शरीर मिलता है जीवन का सार धर्म है आजकल का ज्वलंत विषय साइबर क्राइम पर भी बताया कि लालच के कारण ही साइबर क्राइम होते हैं। भोजन करते समय बच्चे जब मोबाइल और टीवी चलाते हैं, जब हम उन्हें मना करते हैं तो कहते हमारे परिवार में बड़े भी मोबाइल टीवी देखकर भोजन करते हैं। संसार में धर्म के अलावा कोई शरणभूत नहीं है संसार में सुख धर्म की शरण में जाने से मिलेगा सभी को धर्म अपना कर जीवन में अनुपम सुख प्राप्त करने का पुरुषार्थ करना चाहिए यह मंगल धर्म देशना वात्सल्य वारिधि पंचम पट्टाधीश 108 आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज ने पारस भवन दंग की नसिया आचार्य श्री धर्म सागर सभागृह सीकर में आयोजित धर्म सभा में प्रकट की। डा राजेश पंचोलिया के अनुसार आचार्य श्री के प्रवचन के पूर्व आर्यिका श्री महायश मति ने उपदेश में बताया कि गुरु के बिना जीवन शुरू नहीं होता गुरु अज्ञान रूपी अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर ले जाते हैं ।वह पाप से पुण्य का मार्ग दिखाते हैं, अधर्म से, धर्म का अमृत पान कराते हैं, वह इंसान से भगवान बनाते हैं ।कल 7 दीक्षा के दृश्य आपने देखे, कल तक जो श्रावक श्राविका आपके साथ नीचे बैठकर धर्म श्रवण करते थे, आज मंच पर साधु परमेष्ठी भगवान बन गए हैं। यह धर्म देशना आर्यिका श्री महायशमती माताजी ने आचार्य धर्म सागर सभागृह पारस भवन दंग की नसिया में प्रकट की। पूज्य माताजी ने प्रवचन में आगे बताया कि आपके घरों में रजस्वला मासिक धर्म में महिलाएं शुद्धता नहीं रखती है, वह भोजन बनाती है, पुरुष भी भोजन करते हैं उनके द्वारा इस स्पर्शित कपड़े पहन कर आप मंदिर जाते हैं, गुरु को स्पर्श करते हैं इन सब कार्यों से अत्यधिक पाप का कार्य करते हैं। जन्म मरण सूतक पातक सुआ लगने पर भी आप मंदिर के भीतर प्रवेश करते हैं ,पूजन करने वाले, दर्शन करने वाले श्रावकों को आप स्पर्श छूते हैं यह सब अधर्म के कर्म जब उदय में आते हैं, तब आपको दुख ही दुख मिलता है।

# विवेकानंद नगर में भक्तिभाव से मनाया गया पार्श्वनाथ भगवान का मोक्ष निर्वाण कल्याण महोत्सव



**रायपुर (विश्व परिवार)।** विवेकानंद नगर स्थित श्री संभवनाथ जिनालय में सावन सुदी अष्टमी के पावन अवसर पर गुरुवार 20 अगस्त को भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष निर्वाण कल्याण महोत्सव श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिनालय में भगवान पार्श्वनाथ परमात्मा का अभिषेक, पूजन और भक्ति कार्यक्रम हुआ। लाभार्थी परिवार की ओर से परमात्मा का अभिषेक कर निर्वाण लाडू अर्पित किया गया।

भक्तिमय आयोजन परम पूज्य मुनिश्री संवेगरत्न सागर जी म.सा. आदि थाणा की पावन निश्रा में हुआ। ज्ञानवल्लभ उपाश्रय में चातुर्मासिक प्रवचनमाला के बाद मुनिभगवंतों की पावन निश्रा में श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा लेकर श्री संभवनाथ जिनालय पहुंचे।

जिनालय में लाभार्थी परिवार ने भगवान पार्श्वनाथ का विधिवत अभिषेक कर निर्वाण लाडू चढ़ाया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से परमात्मा की आराधना की और एक-दूसरे को मोक्ष निर्वाण कल्याण महोत्सव की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के समापन पर प्रभावना स्वरूप सभी श्रद्धालुओं को मोदक वितरित किया गया। महोत्सव के दौरान जिनालय का वातावरण भक्तिमय बना रहा। बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने आयोजन में शामिल होकर भगवान पार्श्वनाथ की आराधना की।

# गिरिडीह में गूंजेगी आचार्य श्री शांतिसागर 'छाणी' के आचार्य पदारोहण की शताब्दी की गाथा



**गिरिडीह (विश्व परिवार)।** प्रशममूर्ति आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज 'छाणी' के आचार्य पदारोहण शताब्दी वर्ष 2026-27 के अंतर्गत गिरिडीह में भव्य आयोजन किया जाएगा। स्वस्ति धाम जहाजपुर की प्रणेता आर्यिका रत्न स्वस्ति भूषण माताजी की प्रेरणा से आयोजित किए जा रहे शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की श्रृंखला में गिरिडीह का आयोजन विशेष ऐतिहासिक महत्व रखता है।

वर्ष 1926 में आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज 'छाणी' के गिरिडीह चातुर्मास और इसी दौरान हुए उनके आचार्य पदारोहण की ऐतिहासिक स्मृति को स्थायी स्वरूप देने के उद्देश्य से गिरिडीह के जैन भवन में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री हसमुख जैन गांधी के मुख्य आतिथ्य में हुई बैठक में समाज के बड़ी संख्या में पुरुषों एवं महिलाओं ने सहभागिता की। समाज अध्यक्ष श्री विजय जी सेठी, महामंत्री श्री अजय जी सेठी, तीर्थ क्षेत्र कमेटी पूर्वांचल के महामंत्री श्री प्रभात जी सेठी, गिरिडीह के वयोवृद्ध श्रेष्ठी श्री कुंदन मल सेठी सहित अनेक पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे।

## हसमुख गांधी ने रखा कीर्ति स्तंभ का प्रस्ताव

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री हसमुख जैन गांधी ने गिरिडीह समाज के समक्ष प्रस्ताव रखा कि आचार्य श्री शांतिसागर जी 'छाणी' के गिरिडीह से जुड़े इस गौरवशाली इतिहास को चिरस्थायी बनाने के लिए यहां भव्य कीर्ति स्तंभ का निर्माण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गिरिडीह वह पावन भूमि है, जहां आचार्य श्री के ऐतिहासिक चातुर्मास के दौरान उन्हें आचार्य पद प्रदान किया गया था। ऐसे में इस ऐतिहासिक घटना की शताब्दी पर उनकी स्मृति में कीर्ति स्तंभ का निर्माण भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्थायी केंद्र बन सकता है। यह प्रस्ताव गिरिडीह समाज के लिए भावनात्मक और ऐतिहासिक महत्व का विषय रहा तथा समाजजनों ने इस पर सकारात्मक भाव व्यक्त करते हुए कहा कि गिरिडीह समाज शीघ्र बैठक कर निर्णय लेगा।

श्री हसमुख जैन गांधी ने कहा कि गिरिडीह नगर उस ऐतिहासिक घटना का साक्षी रहा है, जब आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज 'छाणी' को गिरिडीह के चातुर्मास के दौरान ही आचार्य पद प्रदान किया गया था।

# संत और साधु दोनों ही देश की रक्षा एवं उत्थान में सहयोगी बनते है : पट्टाचार्य श्री विशुद्धसागर जी गुरुदेव



**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** पट्टाचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज के परम भक्त वैभव जैन बडामलहरा जी ने अवगत कराया की दिल्ली, ऋषभ विहार में विराजित दिगम्बर जैन धर्म के उन्नायक पट्टाचार्य श्री विशुद्धसागर जी गुरुदेव ने धर्मसभा में सम्बोधन करते हुए कहा कि- सहज-शांत प्रकृति, क्षमाशील, नैतिक-व्यक्ति ही धार्मिक हो सकता है। धर्म में वास्तव में कोई संप्रदाय नहीं, सत्य-धर्म वही है जो जन-जन के कल्याण, सुख-शांति, आनंद में सहयोगी बने।

## सैनिक और संत एक समान

साधु संत नैतिक-धार्मिक उपदेश देकर जन-जन को नैतिक पतन से बचाते हैं पापों से रक्षा रक्षा करते हैं ऐसे - ही देश के सैनिक होते हैं जो शत्रुओं से देश की रक्षा करते हैं। संत और साधु दोनों ही देश की रक्षा एवं उत्थान में सहयोगी बनते हैं।

जिस देश में संत, सैनिक साहूकार विद्वान हों वहीं प्रवास करना चाहिए। देश के विकास में साधु एवं सैनिक एवं साहित्यकार का बहुत बड़ा योगदान होता है।

## शल्य हटाओ, शांति पाओ

व्यक्ति को शूल से भी अधिक कोई कष्टकारी चुभने वाली है, तो उसका नाम है शल्य ।व्यक्ति जो कार्य कषाय से प्रभावित होकर, कुटिलता पूर्वक करता है, छिपाकर करता है वह उसे शल्य बन जाती है। शल्य हटाओ सुखी हो जाओ। यदि कोई पाप हो गया है, तो उसका पश्चाताप, प्रायरचित्त करो, आलोचना करो, चित्त को प्रसन्न रखो।

# बच्चों में कला के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा दे रहा BMC



**रायपुर (विश्व परिवार)।** वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन-बालको मेडिकल सेंटर (BMC) के 8वें स्थापना वर्ष समारोह के अंतर्गत 'Prevent, Protect, Proper' विषय पर अंतर-विद्यालयीन चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य स्कूली बच्चों को स्वास्थ्य एवं कैंसर जागरूकता के प्रति संवेदनशील बनाना तथा कला के माध्यम से अपने विचारों और संदेशों को अभिव्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करना था। साथ ही, बच्चों में कम उम्र से ही स्वस्थ जीवनशैली, स्वास्थ्य एवं कल्याण के प्रति जागरूकता विकसित करना भी इसका प्रमुख उद्देश्य रहा।

प्रतियोगिता के विजेताओं को 14 अगस्त को बालको मेडिकल सेंटर में आयोजित समारोह में BMC के चिकित्सकों डॉ. नीलेश जैन एवं डॉ. रुचि औजला द्वारा प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## प्रथम पुरस्कार :

1 अंशिका चौहान, कक्षा 7, GC, CRPF Camp

2 वृद्धि भारद्वाज, कक्षा 5, DPS रायपुर

## द्वितीय पुरस्कार :

1 केशव अग्रवाल, कक्षा 9, DPS रायपुर

2 टोमेश ध्रुव, कक्षा 7, PM Shri KV, महासमुंद

## तृतीय पुरस्कार :

1 जानवी चेलक, कक्षा 8, Christel House India

2 हिना साहू, कक्षा 8, Christel House India

ऐसी पहलों के माध्यम से BMC बच्चों और विद्यालयों के साथ निरंतर जुड़कर स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा दे रहा है और कम उम्र से ही स्वस्थ जीवनशैली एवं बेहतर स्वास्थ्य संबंधी विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है। यह पहल BMC की 'Cancer Care For All' की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

# सद्भावना दिवस पर दिलाई एकता और शांति की शपथ

■ बच्चों ने राजीव जयंती पर किया पौधरोपण



**आरंग (विश्व परिवार)।** बुधवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर सद्भावना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों को एकता, शांति और सांप्रदायिक सद्भाव की शपथ दिलाई गई ।इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि राजीव गांधी ने हमेशा देश की एकता और अखंडता पर जोर दिया। हमें जाति, धर्म और भाषा से ऊपर उठकर देशहित में काम करना चाहिए। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के स्मरण में बच्चों, शिक्षकों और पालकों ने मिलकर स्कूल परिसर व पनखटिया तालाब किनारे भी बादाम रोपित किया।

पौधरोपण में शाला प्रभारी के. के. परमाल,एस. एम.सी. अध्यक्ष चेतन पैगम्बर, पालक दिलीप धीवर, राजू साहू,शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल, दीनदयाल धीवर, सूर्यकांत चंद्राकर, डिलेश्वर प्रसाद साहू, शिक्षिका संगीता पाटले सहित बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

# गायत्री नगर में 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ जी का मोक्ष कल्याणक मनाया



**जयपुर (विश्व परिवार)।** श्री दिगंबर जैन मंदिर प्रबंध समिति के तत्वावधान में 19 अगस्त को प्रात: 6:15 बजे प्रथम अभिषेक, शांति धारा करने का सोभाग्य सोधर्म इंद्र बनकर अशोक मनीष बडजात्या परिवार को प्राप्त हुआ, तत्पश्चात 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ जी का मोक्ष कल्याणक बडे ही धूम धाम व भक्ति के साथ मनाया।

मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष अरुण शाह ने अवगत कराया कि गायत्री नगर में प्रत्येक तीर्थंकरों का मोक्ष कल्याण धूमधाम से मनाया जाता है, इसी श्रंखला में 23 वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ नाथ जी का मोक्ष कल्याणक के अवसर पर सोधर्म इंद्र परिवार ने सामूहिक रूप से निर्वाण लाडू चढाया।


युवा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन ने बताया कि निर्वाण लाडू के पश्चात उपस्थित श्रेष्ठियों, समाज के गणमान महानुभाव, महिला - पुरूषों ने सामुहिक आरती की। इस अवसर पर कल्याण मन्दिर स्तोत्र विधान कराया गया, जिसमें सभी उपवास करने वाली बच्चियों ने विधान पूजा कीं। इन बच्चों ने सांयकाल सामूहिक आरती, स्वाध्याय, 48 दिवसीय भक्तामर पाठ में भाग लेकर दीप प्रज्ज्वलन किया।

इस अवसर पर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सोधर्म इन्द्र परिवार का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया गया साथ में 1999 से अब तक के मन्दिर प्रबन्ध समितियों के अध्यक्षों का सम्मान किया गया। समस्त मांगलिक क्रियाएं विधानाचार्य पं. अजीत जी शास्त्री द्वारा संपन्न कराई गई ?।

मंदिर प्रबन्ध समिति ने युवा परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन बडजात्या के जन्मदिन पर उनके उल्लेखनीय कार्यों की सराहना करते हुए तिलक, माला, दुपट्टा, पगडी पहनाकर हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया।

तत्पश्चात सभी पूर्व व वर्तमान मन्दिर प्रबन्ध समिति व समाज के गणमान्य महानुभाव बैण्ड बाजों के साथ शोभा यात्रा के रूप में मन्दिर जी के पास नवीन क्रय किया भवन का लोकार्पण किया गया।

# धर्म के साधन मिलना बड़े पुण्य का फल, अब आत्मा की शुद्धि बढ़ाने का करें पुरुषार्थ निर्यापक श्रमण मुनि श्री समता सागर जी



**कुण्डलपुर (म.प्र.) (विश्व परिवार)।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुंण्डलपुर में प्रात:काल की मंगल बेला में बड़े बाबा भगवान आदिनाथ की आराधना के पूर्व निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को धर्म साधना के वास्तविक उद्देश्य का बोध कराया। उन्होंने कहा कि जीवन को विशुद्ध बनाने के लिए धर्म, ध्यान और आराधना के साधन प्राप्त होना बड़े पुण्य का योग है। जब इतने साधन सहज रूप से उपलब्ध हों, तब मनुष्य को उनका उपयोग केवल धार्मिक क्रियाओं तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि अपने अंतरंग परिणामों को अधिक से अधिक विशुद्ध बनाने का पुरुषार्थ करना चाहिए। मुनि श्री ने कहा कि तीर्थक्षेत्र में आना, भगवान के दर्शन करना, अभिषेक करना, शांतिधारा करना और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागी बनना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। लेकिन इन सभी क्रियाओं की सार्थकता तभी है, जब इनके साथ हमारे भाव भी निर्मल हों। बाहरी रूप से पूजा-अर्चना करते हुए यदि भीतर राग, द्वेष, क्रोध, अहंकार और अशांति बनी रहे तो साधना का वास्तविक उद्देश्य पूरा नहीं हो सकता। इसलिए प्रत्येक धार्मिक क्रिया के साथ अपने परिणामों को देखने और उन्हें विशुद्ध बनाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य को जो अवसर मिला है, वह अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि वर्तमान में हमारे विशुद्ध परिणामों के साथ आयु कर्म का बंध होता है तो देवगति का बंध होता है और मोक्षमार्ग भी प्रशस्त होता है। इसलिए धर्माराधना के प्रत्येक अवसर को आत्मकल्याण की दिशा में आगे बढ़ने का माध्यम बनाना चाहिए।

## अभिषेक और शांतिधारा के साथ भावों की शुद्धता जरूरी

मुनि श्री समतासागर जी महाराज ने कहा कि कोई भगवान का अभिषेक कर रहा है, कोई महापात्र बनकर अभिषेक कर रहा है, कोई शांतिधारा, रिद्धि कलश कर रहा है, कोई बड़े बाबा के चरणों में शांतिधारा कर रहा है तो कोई भगवान पार्श्वनाथ के चरणों में शांतिधारा कर रहा है। अन्य श्रद्धालु भी विभिन्न धार्मिक कार्यों में संलग्न हैं। सभी को चाहिए कि जिस कार्य में वे लगे हैं, उसे पूरी श्रद्धा और निर्मल भावों के साथ करें तथा अपने परिणामों को विशुद्ध बनाएं।

उन्होंने कहा कि धर्म का प्रभाव हमारे व्यवहार और चरित्र में दिखाई देना चाहिए। हमारी साधना से जीवन में बैर, पाप और अभिमान कम हों, परस्पर प्रेम और करुणा बढ़े तथा प्रत्येक जीव के प्रति मंगल भावना जागृत हो-यही धर्माराधना की वास्तविक दिशा है। मुनि श्री ने श्रद्धालुओं को मंगल भावना का संदेश देते हुए कहा कि हमारे मन में सदैव यह भावना रहनी चाहिए कि संसार के सभी जीव सुखी रहें, कोई कभी घबराए नहीं, सभी बैर, पाप और अभिमान छोड़ें और संसार में प्रतिदिन नए मंगल का वातावरण बने। घर-घर धर्म की चर्चा हो, दुष्कृत कर्मों से बचने की भावना जागृत हो और प्रत्येक मनुष्य अपने चरित्र को उन्नत बनाकर प्राप्त हुए दुर्लभ मनुष्य जन्म को सार्थक करे।

उन्होंने कहा कि तीर्थ पर आने का उद्देश्य केवल दर्शन करके वापस लौट जाना नहीं, बल्कि तीर्थ की पवित्रता और संतों के उपदेश से अपने जीवन की दिशा को बदलना है। यदि यहां से लौटने के बाद हमारे परिणाम अधिक शांत, निर्मल और विशुद्ध होते हैं तो यही तीर्थयात्रा की वास्तविक उपलब्धि है। राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं क्षेत्रीय प्रचारमंत्री जयकुमार जैन जलज ने बताया कि कुण्डलपुर में प्रात:काल बड़े बाबा भगवान आदिनाथ के चरणों की शांतिधारा से पूर्व निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर महाराज के मुखारविंद से धर्म संदेश प्राप्त हुआ।

# आत्मा को भूलकर नहीं, स्वयं को समझकर मोक्ष की ओर बढ़ें : साध्वी मंजुलाश्रीजी



**रायपुर (विश्व परिवार)।** आत्म उत्क्रांति आध्यात्मिक चातुर्मास-2026 के अंतर्गत दादाबाड़ी में अध्यात्म सार ग्रंथ का पठन करते हुए साध्वी मंजुलाश्रीजी म.सा. ने कहा कि आत्मा को भूलकर जीवन नहीं जीना चाहिए और संसार की उलझनों में स्वयं को नहीं खोना चाहिए। मनुष्य को अपने वास्तविक स्वरूप को समझने के लिए निरंतर चिंतन और आत्ममंथन करना आवश्यक है। साध्वीश्री ने कहा कि हमें चिंतन करना है और सबसे पहले स्वयं को समझना है। स्वयं को समझना ही मोक्ष प्राप्ति की दिशा में पहला कदम है। जब व्यक्ति अपने भीतर झांकता है और अपनी वास्तविक स्थिति को पहचानता है, तभी आत्मकल्याण का मार्ग खुलता है। उन्होंने कहा कि संसार में दुखी व्यक्ति को भी सुखी व्यक्ति आकर्षक और सुखी लगता है, लेकिन वास्तविक सुख बाहरी परिस्थितियों में नहीं, बल्कि आत्मिक शांति में है। हमारे परिणाम अपने आप नहीं आते, बल्कि हमारे कर्म, विचार और भावनाएं ही परिणामों का निर्माण करती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### इंजीनियरिंग छात्रों को साइबर ठगी से बचाव के बताए तरीके, पुलिस अधिकारियों ने किया जागरूक



**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ पुलिस की फ्लैगशिप पहल साइबर जागृति अभियान के तहत बस्तर पुलिस द्वारा छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी/शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, जगदलपुर में साइबर सुरक्षा एवं ऑनलाइन ठगी से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक बद्री नारायण मीणा रहे। वहीं पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर, सीएसपी सुमित कुमार धोत्रे, कॉलेज प्राचार्य जैनेंद्र जैन, साइबर रेंज थाना प्रभारी गौरव तिवारी और कोतवाली थाना प्रभारी लीलाधर राठौर सहित पुलिस अधिकारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को बढ़ते साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, डिजिटल फ्रॉड और सोशल मीडिया अपराधों के संबंध में जानकारी दी। विद्यार्थियों को अनजान लिंक, कॉल, मैसेज और ऑनलाइन ऑफर से सावधान रहने तथा अपनी व्यक्तिगत और बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी सुरक्षित रखने की सलाह दी गई। अधिकारियों ने बताया कि साइबर ठगी का शिकार होने पर समय सबसे महत्वपूर्ण है। पीड़ित को तत्काल राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत करनी चाहिए। समय पर शिकायत मिलने से ठगी की राशि को रोकने और लेन-देन पर कार्रवाई की संभावना बढ़ जाती है। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों और विद्यार्थियों के बीच इंटरैक्टिव संवाद भी हुआ। विद्यार्थियों ने साइबर अपराध से जुड़े सवाल पूछे, जिनका अधिकारियों ने व्यावहारिक उदाहरणों के साथ समाधान बताया। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा ने साइबर अपराध की स्थिति में घटना को छिपाने के बजाय तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की। बस्तर पुलिस का यह अभियान युवाओं को डिजिटल रूप से सुरक्षित बनाने और पुलिस-जन संवाद को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

### साइबर जागृति अभियान: सेल्फी के जरिए साइबर सुरक्षा का संदेश दे रही गरियाबंद पुलिस

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ को साइबर अपराध मुक्त बनाने के संकल्प के साथ छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे साइबर जागृति अभियान के तहत गरियाबंद पुलिस जिले में व्यापक साइबर जागरूकता अभियान चला रही है। अभियान के प्रथम सप्ताह 15 से 22 अगस्त के दौरान स्कूल-कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं आम नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में 19 अगस्त 2026 को गरियाबंद पुलिस ने जिले के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों एवं प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों और आमजनों को साइबर अपराधों के बढ़ते स्वरूप तथा उनसे बचने के उपायों की जानकारी दी गई।

QR कोड स्कैन कर सेल्फी शेयर करने की अपील- अभियान में डिजिटल तकनीक और सेल्फी को जागरूकता का माध्यम बनाया गया है। पुलिस द्वारा कार्यक्रम स्थलों पर विशेष QR कोड उपलब्ध कराए गए हैं। उपस्थित लोगों से त्क्र कोड स्कैन करने के बाद अपनी सेल्फी सोशल मीडिया पर शेयर कर साइबर सुरक्षा का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील की जा रही है। गरियाबंद पुलिस के अधिकारियों के अनुसार इस डिजिटल पहल का उद्देश्य विशेष रूप से युवाओं को सहज एवं रोचक तरीके से साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। सोशल मीडिया पर साझा की जा रही सेल्फी के माध्यम से साइबर सुरक्षा का संदेश व्यापक स्तर पर नागरिकों तक पहुंच रहा है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, हृञ्क्क् क्क्हृ, पासवर्ड एवं अन्य गोपनीय बैंकिंग जानकारी किसी के साथ साझा न करें। ऑनलाइन ठगी या किसी अन्य साइबर अपराध का शिकार होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना दें। छत्तीसगढ़ पुलिस का साइबर जागृति अभियान सुरक्षित डिजिटल व्यवहार को बढ़ावा देने और नागरिकों को साइबर अपराधों के प्रति सजग बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

# तेन्दुए की इंट्री से वन विभाग अलर्ट, 13 गांवों में बढ़ाई निगरानी

**पिंजरे-ट्रैप कैमरे लगाए, तीन पालियों में वन अमले की गश्त; ग्रामीणों से रात में घर से बाहर न निकलने की अपील**



**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** वनमण्डल गरियाबंद के वन परिक्षेत्र गरियाबंद अंतर्गत बारूका एवं जड़जड़ा परिसर के विभिन्न गांवों में तेन्दुए की लगातार मौजूदगी ने वन विभाग की चिंता बढ़ा दी है। संभावित जनहानि, जनघायल और पशुहानि की आशंका को देखते हुए विभाग ने पूरे क्षेत्र में सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था कड़ी कर दी है। 13 गांवों में वन अमले की तैनाती कर दिन-रात गश्त कराई जा रही है।

वन विभाग के अनुसार पंटोरा, चट्टानपारा, कोदोबतर, बारूका, जड़जड़ा, पेण्ड्रा, कोटरीघापर, भुईनाहाडेरा, कुर्रुभाठा, खट्टी, सढ़ौली, चिखली एवं आमदी सहित आसपास के गांवों में लगातार निगरानी की जा रही है। विभागीय कर्मचारी गांवों में मुनादी कर ग्रामीणों को तेन्दुए से बचाव के उपायों और आवश्यक सावधानियों की जानकारी दे रहे हैं।

जिन गांवों के आसपास तेन्दुए को प्रत्यक्ष रूप से देखा गया है, उनके नजदीकी जंगलों में पिंजरे लगाए गए हैं। इसके साथ ही जंगल के संवेदनशील इलाकों में ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं, ताकि तेन्दुए की गतिविधियों और आवाजाही पर लगातार नजर रखी जा सके। वन कर्मचारियों को भी सुरक्षा व्यवस्था के तहत तैनात किया गया है।

वन विभाग ने निगरानी के लिए तीन पालियों में गश्त की व्यवस्था की है। पहली पाली सुबह 5 बजे से पूर्वाह्न 11 बजे तक, दूसरी पाली पूर्वाह्न 11 बजे से रात 11 बजे तक तथा तीसरी पाली रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक रहेगी। इस दौरान वन अमला संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार गश्त कर रहा है।

वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि रात के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। छोटे बच्चों और बुजुर्गों को अकेले बाहर न जाने दें तथा जंगल और सुनसान इलाकों में जाने से बचें। तेन्दुए की गतिविधि दिखाई देने पर उसके नजदीक जाने या उसे छेड़ने के बजाय तत्काल वन विभाग को सूचना देने की अपील की गई है। मोबाइल वाहन एवं अन्य सूचना तंत्रों के माध्यम से भी ग्रामीणों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि तेन्दुए से संबंधित किसी भी गतिविधि या संदिग्ध जानकारी मिलने पर तत्काल वन विभाग को सूचित किया जाए। तेन्दुए से संबंधित सूचना के लिए वनमण्डल स्तर पर टोल फ्री नंबर 62681-77800 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा वनरक्षक देवेन्द्र तिवारी ङ्क 70003-28264 तथा वनरक्षक टेमन प्रसाद दुबे ङ्क 83193-00413 के मोबाइल नंबर पर भी सूचना दी जा सकती है।

# प्राचार्यों और शिक्षकों की लंबित मांगों पर सरकार से निर्णायक चर्चा, जल्द कार्रवाई के संकेत



**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** प्रदेश के प्राचार्यों और शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन ने मंत्रालय में शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों से मुलाकात कर पदोन्नति, समयमान वेतनमान, पेंशन, टीईटी और नए सेटअप में भृत्य व लिपिक की भर्ती सहित कई अहम मुद्दे उठाए। प्रतिनिधिमंडल ने समस्याओं के निराकरण के लिए सुझावों के साथ ज्ञापन सौंपा।

छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा के नेतृत्व में प्राचार्यों की टीम ने मंत्रालय में स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत से भेंट की। इस दौरान प्रदेश के प्राचार्यों की पदोन्नति, समयमान वेतनमान, पेंशन तथा नए सेटअप के तहत भृत्य और लिपिक के पदों पर भर्ती जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।

बैठक में शिक्षा विभाग की ज्वलंत समस्या टीईटी (ञ्श्वञ्ज) को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने विभाग से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत करते हुए ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों की पदोन्नति के विषय में भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने इंद्रावती भवन में शिक्षा विभाग के संचालक ऋतुराज रघुवंशी से मुलाकात कर विभिन्न मांगों और समस्याओं से अवगत कराया तथा ज्ञापन सौंपा। संचालक ने कई मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए।

फेडरेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश के शिक्षकों और प्राचार्यों की लंबित समस्याओं के निराकरण की दिशा में हुई यह चर्चा महत्वपूर्ण और सकारात्मक पहल है। उम्मीद जताई गई कि विभागीय स्तर पर शीघ्र कार्रवाई होने से लंबे समय से लंबित मांगों के समाधान का रास्ता साफ होगा।

इस अवसर पर प्रदेश संयोजक कमल वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष एम.आर. खान, जिला महासचिव बसंत त्रिवेदी, धर्मेंद्र ठाकुर, अनुराग झा, चमेली वर्मा, श्रीवास्तव मैडम और मनोज मेरसा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# पीडब्लूएनएसएटी 2026 टॉप 500 जेईई नीट छात्रों को 2.5 करोड़ तक कैश प्राइज जीतने का मौका




फिजिक्सवाला पीडब्लूएनएसएटी 2026 जेईई/नीट की तैयारी करने वाले टॉप 500 छात्रों को मुफ्त पढ़ाई और हॉस्टल, 2.5 करोड़ तक के कैश प्राइज का मौका। यह फिजिक्सवाला की हर साल होने वाली स्कॉलरशिप पहल है, जिसका मकसद जेईई और नीट की तैयारी करने वाले छात्रों को सपोर्ट करना है। रजिस्ट्रेशन बिल्कुल मुफ्त है और कक्षा 5 से 12 तक के छात्रों के साथ-साथ कक्षा 12 पास कर चुके छात्र भी इसमें शामिल हो सकते हैं। यह सुविधा पीसीएम और पीसीबी, दोनों स्ट्रीम के छात्रों के लिए है।

इस साल के पीडब्लूएनएसएटी के जरिए योग्य छात्रों को 100प्रतिशत तक ट्यूशन फीस की स्कॉलरशिप मिल सकती है और वे 2.5 करोड़ तक के कैश प्राइज जीत सकते हैं। इसके अलावा, स्कॉलरशिप प्रोग्राम के तहत टॉप 500 योग्य छात्रों को मुफ्त पढ़ाई और हॉस्टल की सुविधा भी दी जाएगी। पीडब्लूएनएसएटी 2026 ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों मोड में आयोजित किया जाएगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा छात्र इसमें हिस्सा ले सकें। ऑनलाइन परीक्षा देने वाले छात्र 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2026 के बीच परीक्षा दे सकते हैं। वहीं, ऑफलाइन परीक्षा 3, 4, 10 और 11 अक्टूबर 2026 को देशभर के पीडब्लू विद्यापीठ, पाठशाला और ट्यूशन सेंटरों में आयोजित की जाएगी। रिजल्ट की घोषणा बाद में की जाएगी।

फिजिक्सवाला के शिक्षक, फाउंडर और सीईओ, अलख पांडे ने कहा, अच्छी शिक्षा पाने का मौका किसी छात्र की आर्थिक स्थिति पर निर्भर नहीं होना चाहिए। पीडब्लूएनएसएटी के जरिए हमारा मकसद छात्रों की कुछ आर्थिक परेशानियों को कम करना और उन्हें पढ़ाई से जुड़ी सही गाइडेंस देना है, ताकि वे पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी तैयारी जारी रख सकें।

हमें उम्मीद है कि यह पहल देशभर के ज्यादा से ज्यादा छात्रों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करेगी और आर्थिक परेशानी उनकी राह में रुकावट नहीं बनेगी।

इस पहल के तहत पीडब्लूएनएसएटी 2026 में प्रदर्शन के आधार पर चुने गए कुछ छात्रों को एक्सक्लूसिव रैंकर्स ग्रुप के जरिए जेईई और नीट की तैयारी में मदद के लिए अतिरिक्त अकादमिक मेंटरशिप और गाइडेंस भी दी जाएगी।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित छह परिवारों को 24 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**जगदलपुर/** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधानों के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ित छह परिवारों को 24 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत जिले के लोहंडीगुड़ा तहसील अंतर्गत ग्राम करेकोट निवासी कुमारी शिवानी यादव की नाले के पानी में डूबने से मृत्यु होने के कारण पिता श्री कृष्ण कुमार, तहसील भानपुरी के ग्राम भटपाल निवासी बालमती कश्यप की गड्ढे के पानी में डूबने पर हुई मौत के कारण पति श्री लछमन कश्यप, तहसील जगदलपुर के नगरनार निवासी सुमन नाग की नदी में डूबने से हुई मृत्यु के कारण पत्नी श्रीमती शांति नाग और तहसील बकावंड अंतर्गत तारापुर निवासी दिवाकर सेन की तालाब में डूबने से हुई मौत के कारण पत्नी श्रीमती बाबी सेन एवं ग्राम बारदा निवासी भुंजी की नाले के पानी में डूबकर मृत्यु होने पर पति श्री हरचंद प्रत्येक को चार-चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है

# इंद्रावती नदी में बाढ़ आपदा राहत पर हुआ मॉक ड्रिल, जवानों ने संवेदनशीलता के साथ किया साहस का प्रदर्शन



**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** संभावित बाढ़ एवं जलभराव जैसी गंभीर प्राकृतिक आपदाओं से निपटने तथा त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों की जमीनी तैयारियों को परखने के उद्देश्य से जगदलपुर में इंद्रावती नदी के पुराने पुल पर एक वृहद एवं सुनियोजित बाढ़ आपदा राहत मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में संपन्न हुए इस संयुक्त अभ्यास में प्रशासन और आपदा प्रबंधन की टीमों ने आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए अपनी कार्यकुशलता और तत्परता का प्रदर्शन किया।

इस मॉक ड्रिल के दौरान राहत एवं बचाव दल के जांबाज जवानों ने इंद्रावती नदी के तेज बहाव में उतरकर वास्तविक रेस्क्यू ऑपरेशन का जीवंत दृश्य प्रस्तुत किया। जवानों ने मोटर बोट, लाइफजैकेट, रेस्क्यू रोप्स और फ्लोटिंग डिवाइसेज जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का सटीक इस्तेमाल करते हुए पानी के बीच फंसे नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला। नदी से सुरक्षित निकाले गए लोगों को मौके पर ही प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने तथा उन्हें अविलंब सुरक्षित आश्रय स्थलों व चिकित्सा केंद्रों तक पहुँचाने की पूरी प्रक्रिया का अभ्यास बेहद योजनाबद्ध तरीके से पूरा किया गया। इस महत्वपूर्ण अभ्यास का सघन निरीक्षण करने के लिए जिले के प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल, नगर पालिक निगम आयुक्त श्री प्रवीण वर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री हीरा गवर्ना, डिप्टी कलेक्टर श्री सत्येन्द्र बंजारे तथा नगर सेना के जिला सेनानी श्री संतोष मार्बल ने पूरे अभ्यास की निगरानी की। इसके साथ ही पुलिस, राजस्व, नगर सेना, लोक निर्माण तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी मुस्तैदी से तैनात रहे। अधिकारियों ने विभिन्न विभागों के मध्य तालमेल, सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान और आपातकालीन रिस्पांस टाइम का बारीकी से मूल्यांकन किया। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सहित राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस अभ्यास का प्राथमिक उद्देश्य आगामी मानसून या किसी भी संभावित जलभराव की स्थिति में 'जीरो कैजुअल्टी' (शून्य जनहानि) के लक्ष्य को सुनिश्चित करना था। इस सफल मॉक ड्रिल के माध्यम से न केवल प्रशासनिक तैयारी एवं सुदृढ़ प्रबंधन का परीक्षण हुआ, बल्कि आम नागरिकों को भी यह संदेश दिया गया कि प्रशासन हर विषम परिस्थिति में उनकी सुरक्षा के लिए पूरी तरह तैयार है।

# बड़े हादसे की आहट, चंद मिनटों में मोर्चे पर पूरा प्रशासन!

**एलपीजी टैंकर और मिनी ट्रक की टक्कर से गैस रिसाव व ब्लास्ट की काल्पनिक स्थिति, राहत-बचाव की तैयारियों का हुआ लाइव अभ्यास**



**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** जिला मुख्यालय गरियाबंद में गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी जैसे हालात नजर आए, जब राष्ट्रीय राजमार्ग पर एलपीजी गैस से भरे वाहन और मिनी ट्रक की भीषण टक्कर के बाद गैस रिसाव एवं ब्लास्ट की काल्पनिक स्थिति निर्मित की गई। हालांकि यह वास्तविक हादसा नहीं, बल्कि आपदा से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए आयोजित जिला स्तरीय मॉक ड्रिल थी। सर्किट हाऊस के समीप आयोजित इस अभ्यास में प्रशासन, पुलिस, होमगार्ड सहित विभिन्न विभागों ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्यों का प्रदर्शन किया।

भारत सरकार के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नई दिल्ली, छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गरियाबंद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस मॉक अभ्यास में डोंगरीगांव के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग को घटनास्थल के रूप में प्रदर्शित किया गया।मॉक ड्रिल के दौरान दुर्घटना की सूचना मिलने से लेकर राहत एवं बचाव दल के घटनास्थल पर पहुंचने तक की पूरी प्रक्रिया को वास्तविक परिस्थितियों की तरह प्रदर्शित किया गया। प्रभावित क्षेत्र को सुरक्षित करने, गैस रिसाव की स्थिति में आवश्यक सावधानियां बरतने तथा आग और संभावित ब्लास्ट से निपटने के लिए विभागों के बीच समन्वय का अभ्यास किया गया।

अभ्यास का मुख्य उद्देश्य यह परखना रहा कि किसी बड़ी प्राकृतिक अथवा मानवजनित आपदा की स्थिति में प्रशासनिक अमला कितनी तेजी से प्रतिक्रिया देता है और उपलब्ध संसाधनों का किस तरह प्रभावी उपयोग किया जाता है।

मॉक अभ्यास के दौरान कलेक्टर बीएस उइके ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्यों तथा विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों द्वारा अपनाई जा रही आपदा प्रबंधन प्रक्रिया का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर एसडीओपी निशा सिन्हा, एसडीएम हितेश्वरी बाघे, डिप्टी कलेक्टर नेहा भेड़िया सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

मॉक ड्रिल के माध्यम से यह जांचा गया कि आपदा की स्थिति में पुलिस, राजस्व, होमगार्ड और अन्य राहत-बचाव दल किस प्रकार आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हैं। साथ ही संसाधनों की उपलब्धता, घटनास्थल को सुरक्षित करने, प्रभावित लोगों तक तत्काल सहायता पहुंचाने और संभावित जनहानि को रोकने की तैयारियों को भी परखा गया।

अभ्यास के दौरान राजस्व विभाग, पुलिस, होमगार्ड के जवानों के साथ ग्रामीणजन भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि ऐसे मॉक अभ्यास वास्तविक आपदा के समय त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# अनुशासन और टाईम मैनेजमेंट सफलता का अचूक मंत्र : विधायक सुनील सोनी

- **उत्कृष्ठ विद्यार्थियों को विधायक सुनील सोनी ने किया सम्मानित**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने आज 20 अगस्त 2026 को रायपुर दक्षिण विधानसभा के 4 शासकीय स्कूलों (संत कवंरराम शा.उ.मा. शाला कटोरातालाब रायपुर, शा. सुंदरी कालीबाड़ी स्कूल, शा.उ.मा. शाला संतोषी नगर, रायपुर, शा.मा. शाला मठपुरैना, रायपुर) के दसवी और बारहवी में उत्कृष्ठ स्थान (85 प्रतिषत से अधिक) प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उत्कृष्ठता प्रमाण पत्र वितरित करते हुए प्रत्येक विद्यार्थी को 5000-5000 रूपये की प्रोत्साहन राषि प्रदान की और विद्यार्थियों के बीच जाकर संवाद किया। रायपुर दक्षिण विधानसभा के शासकीय एवं अनुदान प्राप्त स्कूलों में 184 विद्यार्थियों ने वर्ष 2025-26 के प्रवीण्य सूची में अपना स्थान बनाया है।

छात्रों को संबोधित करते हुए विधायक श्री सोनी ने कहा कि अनुषासन और टाईम मैनेजमेंट सफलता का एक अचूक मंत्र है। जो विद्यार्थी समय के पाबंद रहेंगे, वह हमेषा सफलता प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा में अभी काफी समय है, पर विद्यार्थी अभी से मन लगाकर पढ़ाई करें और सभी कक्षाओं में अधिक से अधिक संख्या में प्रावीण्य सूची में अपना स्थान दर्ज करावें। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा इस वर्ष के दक्षिण विधानसभा के सभी सरकारी स्कूलों के सभी उत्कृष्ठ विद्यार्थियों को स्कूलों में जाकर उत्कृष्ठता प्रमाण पत्र प्रदान किया जा रहा है और साथ ही 5000 रूप्ये की प्रोत्साहन राषि भी दी जा रहा है। आषा ही नहीं विष्वास है कि आने वाले समय में उत्कृष्ठ विद्यार्थियों की संख्या बढ़ेगी। स्कूलों के इस कार्यक्रम में स्कूलों के बच्चे उत्साहित और गदगद नजर आये और विधायक सुनील सोनी से विद्यार्थियों से सवाल-जवाब भी किया।

इस अवसर पर भाजपा रायपुर जिला अध्यक्ष रमेष ठाकुर, एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी, जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा, भाठागांव मंडल अध्यक्ष अभिषेक तिवारी, सिविल लाईन मंडल अध्यक्ष सुनील कुकरेजा, सदर बाजार मंडल अध्यक्ष संतोष सोनी, पार्षद रमेष सपहा, राकेष ठाकुर, बबला होतवानी, मयंक श्रीवास्वत, पिंटा यादव, पद्मा साहू, शैलेन्द्र सोमवंषी, जयप्रकाष देवांगन, राजू बिरनानी, पुखराज गायकवाड, बपपन साहा सहित प्राचार्यगण, षिक्षकगण एवं गणमान्य नागरिकगण उपस्थित हुए।

# विधायक बोहरा के प्रयासों से ग्राम दामापुर में लिंक कोर्ट की स्थापना की मिली सौगात

**कवर्धा (विश्व परिवार)।** पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में जनता की सुविधाओं और राजस्व प्रकरणों के त्वरित समाधान हेतु निरंतर प्रयासरत विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से ग्राम पंचायत दामापुर में लिंक कोर्ट (नवीन उप तहसील) की स्थापना हेतु आज स्वीकृति मिली है। इसके पूर्व भी नगर पंचायत पांडातराई एवं ग्राम पंचायत रणवीरपुर में नवीन उप तहसील की स्थापना विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से हुई जिससे हजारों किसानों व ग्रामीण परिवारों को उनके घर व गांव के नजदीक ही इस विभाग से जुड़ी सेवाओं का लाभ मिल रहा है।



क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही इस मांग के पूरा होने पर विधायक भावना बोहरा ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी एवं राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा जी का आभार व्यक्त करते हुए ग्राम पंचायत दामापुर एवं आसपास के क्षेत्रवासियों को बधाई दी। ग्राम पंचायत दामापुर में इस नए लिंक कोर्ट के प्रारंभ होने से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भू-राजस्व सहित विभिन्न प्रशासनिक कार्यों एवं आवश्यक राजस्व एवं प्रशासनिक सेवाएं उनके क्षेत्र के समीप ही उपलब्ध होंगी, जिससे समय, धन और श्रम की बचत होगी।

इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि दामापुर में लिंक कोर्ट की स्थापना क्षेत्र के विकास और सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे प्रशासनिक व्यवस्था क्षेत्रवासियों के और करीब आएगी साथ ही उनके क्षेत्र में ही आवश्यक सरकारी सेवाएं उपलब्ध होंगी। पहले किसी भी राजस्व एवं प्रशासनिक कार्यों के लिए लोगों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, लेकिन स्थानीय स्तर पर सुविधाएं उपलब्ध होने से नागरिकों को काफी राहत मिलेगी।

उन्होंने कहा कि विशेष रूप से किसान, महिलाएं, बुजुर्ग और ग्रामीण क्षेत्र के नागरिक इससे लाभान्वित होंगे। खसरा-खतौनी एवं नक्शा, नामांतरण, जमीन का बंटवारा, जमाबंदी, लगान, राजस्व वसूली, ऋण मुक्ति प्रमाण पत्र सहित विभिन्न राजस्व संबंधी कार्य अब अधिक सहजता से कराए जा सकेंगे। इसके साथ ही अन्य प्रशासनिक शिकायतों के निराकरण में भी स्थानीय स्तर पर सुविधा मिलेगी।

विधायक भावना बोहरा ने कहा कि यह लिंक कोर्ट सरकार और जनता के बीच एक सेतु का काम करेगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले हमारे किसान भाई-बहनों और ग्रामीणों को त्वरित समाधान मिलेगा। माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार सुशासन और जनसुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए लगातार कार्य कर रही है।

पंडरिया विधानसभा अंतर्गत पूर्व में पांडातराई व रणवीरपुर और अब ग्राम पंचायत दामापुर में लिंक कोर्ट स्थापना की स्वीकृति इसी सोच का परिणाम है, जिसमें प्रशासन को आम नागरिक के द्वार तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है, इससे कार्यों में तेजी आएगी। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक गतिविधियां बढ़ने से क्षेत्र में रोजगार एवं छोटे व्यवसायों को भी अप्रत्यक्ष रूप से प्रोत्साहन मिलेगा। मैं समस्त क्षेत्रवासियों को इस सौगात के लिए बधाई देती हूं।

# महापौर ने किया रिमझिम सावन मेला स्थल का अधिकारियों के साथ निरीक्षण

**दुर्ग (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम, दुर्ग द्वारा प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुरूप इस वर्ष भी रिमझिम सावन-2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। सावन के उल्लास और महिलाओं की सहभागिता को समर्पित यह उत्सव 21 अगस्त 2026, शुक्रवार से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक, खेलकूद, सांस्कृतिक एवं आकर्षक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाज सेविका श्रीमती कौशल्या देवी साय तथा अति विशिष्ट अतिथि पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा डॉ. सरोज पाण्डेय की गरिमामयी उपस्थिति में होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिक निगम दुर्ग की महापौर श्रीमती अलका बाघमार करेंगी।



महापौर अलका बाघमार ने विवेकानंद भवन में कार्यक्रम की तैयारियों का किया निरीक्षण,निरीक्षण के दौरान सांस्कृतिक विभाग प्रभारी श्रीमती हर्षिका संभव जैन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग प्रभारी श्रीमती शशि साहू,आयुक्त मोहेंद्र साहू,कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा,सहायक अभियंता संजय ठाकुर,जलकार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर सहित अधिकारी-कर्मचारियों के साथ उपस्थिति रहे।

आयोजन में महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़, मटकी फोड़, आलू दौड़, कंचा-चम्मच दौड़, बिंदी लगाओ प्रतियोगिता सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

# सिपेट कोरबा ने 'ग्रीन पैकेजिंग: MSMEs के लिए अवसर व व्यवहारिक तरीके' विषय पर कार्यशाला का आयोजन

**कोरबा (विश्व परिवार)।** केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट), कोरबा द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (MSMEs) के लिए 'ग्रीन पैकेजिंग: अवसर एवं व्यवहारिक तरीके' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की RAMP योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम (CSIDC) एवं उद्योग संचालनालय, छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से आयोजित की गई।



कार्यशाला के उद्घाटन समारोह मुख्य अतिथि श्रीमती अंजू नायक, मुख्य महाप्रबंधक (प्रभारी), जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र (DTIC), रायगढ़ केद्वाराकियागया श्रीमती अंजू नायकने उद्योगों एवं MSMEs के लिए उपलब्ध विभिन्न शासकीय योजनाओं, सुविधाओं एवं प्रोत्साहनों के बारे में विस्तार से बताया।

कार्यक्रम के स्वागत उद्बोधन में श्री राजीव कुमार लिल्हारे, प्रबंधक (तकनीकी), CIPET कोरबा ने ग्रीन पैकेजिंग के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला तथा कार्यशाला के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान करने के लिए CSIDC एवं DTIC के प्रति आभार व्यक्त किया। अतिथियों ने सतत एवं पर्यावरण-अनुकूल पैकेजिंग समाधानों के क्षेत्र में नवाचार, तकनीकी उन्नयन एवं क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने में CIPET की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की।

तकनीकी सत्र के दौरान डॉ. महेश भिवापुरकर, प्रोफेसर, ओ.पी. जिंदल विश्वविद्यालय, रायगढ़ ने 'Automation for Sustainable Packaging' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने सतत पैकेजिंग के क्षेत्र में ऑटोमेशन, आधुनिक तकनीकों एवं स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# बाढ़ आपदा से निपटने बालसमुंद जलाशय में किया मॉक ड्रिल

- **बाढ़ मे फंसे व्यक्तियों का किया गया रेसक्यू**
- **एसडीआरएफटीम सहित विभिन्न विभागों ने अभ्यास मे लिया हिस्सा**



**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** भारत सरकार राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार बाढ़ आपदा से बचाव प्रशिक्षण हेतु गुरुवार को बालसमुंद जलाशय पलारी में जिला स्तर पर मॉक ड्रिल किया गया। इस मॉक एक्सरसाइज में एसडीआरएफ टीम, मेडिकल टीम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने भाग लिया। पहला अभ्यास भारी बारिश के कारण जलमग्न होने से एक टापू पर फंसे 5 ग्रामीणों की रेस्क्यू एवं दूसरा नदी में डूबते हुए ग्रामीण की रेस्क्यू का किया गया। इस दौरान जिला आपदा प्रबंधन के नोडल अधिकारी एवं अपर कलेक्टर ए. आर. टंडन सहित एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। भारी बारिश में टापू में फंसे होने की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन एवं जिला आपदा प्रबंधन टीम द्वारा रेस्क्यू अभियान के लिए टीमों को मौके पर पहुंचने के निर्देश दिये गए। एसडीआरएफ, पुलिस, होमगार्ड, राजस्व, मेडिकल सहित अन्य विभाग की टीम मौके पर पहुंचे। एसडीआरएफ की टीम लाइफ जैकेट एवं अन्य साजो-सामान के साथ मोटर बोट में रेस्क्यू के लिए रवाना हुए। टापू में पहुंचकर ग्रामीणों को मोटर बोट में बैठाकर लाया गया। मॉक ड्रिल में यह भी प्रदर्शित किया गया कि प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के बाद उनकी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति किस प्रकार की जाती है।

# भाजपा के राज में फिर एक और पेपर लीक : वंदना राजपूत

- **कृषि वि.वि. के प्रश्नपत्र लीक मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रदेश कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता वंदना राजपूत ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में क्रस्ब्. द्वितीय वर्ष के एंटोमोलॉजी विषय के प्रश्नपत्र के परीक्षा से पहले लीक होने की सामने आई है यह खबर बेहद गंभीर और चिंताजनक है।इस मामले की जांच की जानी चाहिए। पूरे देश में युवा पेपर लीक के खिलाफ आंदोलन कर रहे और भाजपा के राज में छत्तीसगढ़ में फिर एक और पेपर लीक का कारनामा हो गया।



प्रदेश कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र लीक हुआ है, यह केवल परीक्षा व्यवस्था की विफलता नहीं बल्कि मेहनत करने वाले हजारों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ है। विश्वविद्यालय प्रशासन इस पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराए और यह पता लगाए कि प्रश्नपत्र परीक्षा से पहले बाहर कैसे पहुंचा। दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति, अधिकारी या किसी भी जिम्मेदार तंत्र के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रदेश कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि विद्यार्थियों ने पूरे वर्ष मेहनत और ईमानदारी से पढ़ाई की है।

# विक्रांत राठौर को राठौर क्षत्रिय महासभा का राष्ट्रीय संगठन मंत्री नियुक्त किया गया

**रायपुर।** अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रामविलास राठौर जी, राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजेंद्र सिंह भदोरिया जी, एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्रीमती सीमा राठौर जी के द्वारा रायपुर छत्तीसगढ़ से विक्रांत राठौर को अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा का राष्ट्रीय संगठन मंत्री नियुक्त किया गया है वर्तमान में विक्रांत राठौर कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स युवा कैट सीजी चैप्टर छत्तीसगढ़ के कार्यकारी अध्यक्ष एवं रायपुर ऑप्टिकल व्यापारी वेलफेयर एसोसिएशन एवं शंकर नगर व्यापारी संघ के महामंत्री के पद पर नियुक्त है।



# नेशनल चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस मार्गदर्शक शिक्षकों की दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

- **जिले के 520 शिक्षकों ने लिया प्रशिक्षण**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर द्वारा 18 एवं 19 अगस्त को जे.एन. पाण्डेय शास. बहुउद्देशीय विद्यालय रायपुर में राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2026 हेतु दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।कार्यशाला में जिले के शासकीय एवं अशासकीय मिडिल, हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों के 520 मार्गदर्शक एवं विज्ञान शिक्षक शिक्षिका शामिल हुए। इसका उद्देश्य 10 से 17 वर्ष के विद्यार्थियों को वैज्ञानिक प्रोजेक्ट निर्माण के लिए तैयार करना था।इस वर्ष की फोकल थीम 'सतत विकास के लिए विज्ञान एवं नवाचार' रखी गई है। विशेषज्ञों ने प्रोजेक्ट में समस्या पहचान, परिकल्पना, सर्वेक्षण, आंकड़ा विश्लेषण, प्रयोग एवं रिपोर्ट लेखन की विधि बताई। साथ ही स्थानीय समस्याओं और संसाधनों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। जिला शिक्षा अधिकारी एम.जी. सतीश कुमार, नोडल अधिकारी निशा शर्मा एवं समन्वयक सोमा बनिक ने शिक्षकों को विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोंच विकसित करने के टिप्स दिए। जिला साइंस टीम की डॉ. माधुरी बोरेकर, अपर्णा तिवारी सहित अन्य ने उप-विषयों पर प्रस्तुति दी।



# पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गाँधी को 82वीं जयन्ती पर किया सादर नमन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज भारत गणराज्य के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गाँधी को उनकी 82वीं जयन्ती पर सादर नमन करने राजधानी शहर रायपुर के राजीव गाँधी चौक पर स्थित उनके प्रतिमा स्थल के समक्ष रायपुर नगर पालिक संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर निगम जोन क्रमांक 4 के सहयोग से संक्षिप्त पुष्पांजलि आयोजन रखा गया।




नगर निगम संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर निगम जोन 4 के सहयोग से रखे गए संक्षिप्त पुष्पांजलि आयोजन में पहुंचकर रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 4 अंतर्गत मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड क्रमांक 45 की पार्षद श्रीमती अर्जुमन ढेबर सहित राजधानी शहर रायपुर के गणमान्यजनों, महिलाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, नवयुवकों ने भारत गणराज्य के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गाँधी का उनकी 82वीं जयन्ती पर सादर नमन किया।

# कृषि विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

- **वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों एवं समन्वित फसल प्रबंधन से कम लागत में अधिक उत्पादन पर दिया गया जोर**

**कवर्धा (विश्व परिवार)।** कृषि विज्ञान केन्द्र में कृषि विभाग के पंडरिया एवं बोड़ला विकासखंड में सेवारत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपसंचालक कृषि अमित मोहंती एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बी.पी. त्रिपाठी ने किया। प्रशिक्षण के प्रारंभ में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बी.पी. त्रिपाठी ने कृषि विज्ञान केन्द्र की गतिविधियों एवं उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य खरीफ फसलों में समन्वित पौध प्रबंधन तथा वैज्ञानिक कृषि विधियों को अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करना है।




उन्होंने खरीफ फसलों में रोग एवं कीट प्रबंधन के साथ-साथ किसानों को समय पर वैज्ञानिक सलाह उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

प्रशिक्षण के दौरान धान की फसल में होने वाले प्रमुख रोगों की पहचान एवं उनके नियंत्रण के संबंध में उपयोगी जानकारी दी गई। धान में झुलसा रोग के लक्षण आंख या नाव के आकार के दिखाई देने पर पोटाश 10 किलोग्राम प्रति एकड़ एवं ट्राइसाइक्लाजोल 120 ग्राम प्रति एकड़ के छिड़काव की सलाह दी गई। इसी प्रकार जीवाणु जनित झुलसा रोग में पत्तियों के ऊपर से नीचे की ओर टी आकार में या किनारों से सूखने के लक्षण दिखाई देने पर स्ट्रेप्टोसाइक्लिन 12 ग्राम एवं मैनकोजेब 250 ग्राम के छिड़काव की जानकारी दी गई। धान में भूरा धब्बा रोग के लक्षण दिखाई देने पर मैनकोजेब 250 ग्राम अथवा ट्राइसाइक्लाजोल 120 ग्राम के उपयोग की सलाह दी गई।

उपसंचालक कृषि श्री अमित मोहंती ने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ जिले के अधिक से अधिक कृषकों तक पहुंचाने तथा योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशिक्षण में प्राप्त वैज्ञानिक जानकारी को मैदानी स्तर पर किसानों तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के विषय वस्तु विशेषज्ञों द्वारा खरीफ फसलों में खरपतवार, जल एवं उर्वरक प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य एवं जैविक खेती, उद्यानिकी फसलों की उत्पादन तकनीक, प्रक्षेत्र योजना एवं प्रक्षेत्र अभिलेख, पशुओं में होने वाले संक्रामक रोग एवं उनके निदान तथा प्रमुख कृषि यंत्रों के उपयोग सहित विभिन्न विषयों पर श्रव्य-दृश्य माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षणार्थियों को कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रक्षेत्र फार्म का भ्रमण भी कराया गया।

# बुरजुडी गांव में छुआछूत का गंभीर आरोप, सार्वजनिक नल पर पानी भरने से रोकने का दावा

**जशपुर (विश्व परिवार)।** संविधान और कानून में छुआछूत को अपराध घोषित किए जाने के बावजूद समाज में जातिगत भेदभाव की शर्मनाक तस्वीरें सामने आना गंभीर चिंता का विषय है। जशपुर जिले के बुरजुडी गांव में सार्वजनिक नल से पानी भरने को लेकर घासी समाज के ग्रामीणों ने कुछ लोगों पर जातिगत भेदभाव और छुआछूत करने का गंभीर आरोप लगाया है।



ग्रामीणों के अनुसार, गांव में सरकार की सार्वजनिक नल-जल योजना के तहत लगाए गए नल से पानी लेने पहुंचे उनके समाज के दयाशंकर नामक व्यक्ति को कथित तौर पर रोक दिया गया और वहां से भगा दिया गया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि उन्हें यह तक कहा गया कि तुम घासी हो, तुम्हारा छुआ पानी हम कैसे पिएं?

ग्रामीणों का कहना है कि मामला यहीं नहीं रुका। विवाद के बाद सरपंच और सचिव की मौजूदगी में पंचायत की बैठक बुलाई गई। आरोप है कि बैठक में पंचों और समाज के लोगों के सामने भी उन्हें कथित तौर पर जाति का हवाला देकर अपमानित किया गया। पीड़ित पक्ष के अनुसार, उन्हें यह भी कहा गया कि अगर सार्वजनिक नल से पानी लेने में परेशानी है तो वे अपना निजी बोरवेल खुद लगवाएं। इस पूरे मामले में घासी समाज के ग्रामीणों ने रायमुनी, पति प्रकाश और तरसिला, पति सुसे समेत कुछ अन्य महिलाओं पर पानी भरने से रोकने और कथित भेदभाव को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है और संबंधित दूसरे पक्ष का बयान सामने आना बाकी है। पीड़ित ग्रामीणों का कहना है कि सार्वजनिक स्थान पर कथित तौर पर हुए इस अपमान से उन्हें गहरी मानसिक ठेस पहुंची है। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई और सार्वजनिक नल से सभी ग्रामीणों को बिना भेदभाव पानी उपलब्ध कराने की मांग की है।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**निविदा सूचना**
**निविदा सूचना संख्याः टीआरडी-आर-2026 E05 दिनांकः 18.08.2026 काम का नामः** टीआरडी (TRD) संबंधी कार्य (क) DRZ स्टेशन पर 2nd PF सहित 3 मीटर चौड़े FOB का प्रावधान तथा अन्य यात्री सुविधाओं एवं फर्नीचर (ख) BXA स्टेशन पर 2nd PF सहित 3 मीटर चौड़े FOB का प्रावधान तथा अन्य यात्री सुविधाओं एवं फर्नीचर (ग) KYS स्टेशन पर 12 कोच DEMU के अनुरूप PF का विस्तार, 12 कोच DEMU हेतु यात्री सुविधाओं में सुधार, स्टेशनों के लिए फर्नीचर तथा 2nd यात्री PF सहित 3 मीटर चौड़े FOB का प्रावधान एवं यात्री सुविधाओं एवं फर्नीचर (घ) गुदुम स्टेशन पर 2nd PF सहित 3 मीटर चौड़े FOB का प्रावधान तथा यात्री सुविधाओं एवं फर्नीचर (ड) ADEN/BIA-II के अंतर्गत BSBH, LBO, MXA, PUWA, RSA, SHIT, GDZ एवं SKSO स्टेशनों पर 12 कोच DEMU के अनुरूप PF का विस्तार तथा यात्री सुविधाओं में सुधार, (च) BPTP स्टेशन पर 2nd PF सहित 3 मीटर चौड़े FOB का प्रावधान तथा यात्री सुविधाओं एवं फर्नीचर। **निविदा मूल्यः** ₹1,63,91,522.3/- **बीड सेक्युर्टीः** ₹3,27,800/- **निविदा प्रस्तुत करनाः** 12:00 बजे तक दिनांक 17.09.2026 **निविदा खोलनाः** 12:00 बजे दिनांक 17.09.2026 टेंडर दस्तावेज, पात्रता मानदंड और उपरोक्त कार्य के लिए पूर्ण विवरण के लिए कृपया वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी) एसईसीआर रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें या हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज देखें या डाउनलोड करें।
**वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/ क. वि/ रायपुर**
**PR/R/TRD/D360/179**
South East Central Railway @secrail

